




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 292 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 4 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



## ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे शुरू, 64 सदस्यीय टीम खोलेगी राज

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वे शुरू कर दिया गया है। एएसआई की 64 सदस्यीय टीम इसकी जांच कर रही है। करीब 15 दिन तक चलने वाले सर्वे से कई हकीकत सामने आ सकती है। विवादित स्थल की वास्तविकता क्या है? विवादित स्थल के नीचे जमीन में क्या सच दबा हुआ है? ज्ञानवापी में बने गुंबद कब बनाए गए? तीनों गुंबद कितने पुराने हैं?

ज्ञानवापी स्थित सील वजूखाने को छोड़कर शेष अन्य हिस्से का सर्वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सर्वे शुरू होने के बाद बीच में नमाज के लिए सर्वे रोका गया। दो बजे के बाद फिर से शुरू कयिा गया। एएसआई का सर्वे शुरू होने के बाद ज्ञानवापी को लेकर 354 वर्षों से चल रहे विवाद के समाधान की उम्मीद जगी है।

हिंदू पक्ष का दावा है कि औरंगजेब ने 1669 में मंदिर ध्वस्त कराया और उसके ढांचे को बदल दिया। तभी हिंदू अपना अधिकार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब कानूनी तरीके से अधिकार पाने के प्रयास में लगे हैं। वहीं, मुस्लिम पक्ष को इस दावे पर आपत्ति है। उसका कहना है कि ज्ञानवापी परिसर में 600 वर्षों से नमाज अदा की जा रही है।

### सर्वे शुरू होने से 354 वर्षों से चल रहे विवाद के समाधान की उम्मीद जगी



### भगवान आदिविश्वेश्वर का मंदिर

ज्ञानवापी परिसर के एएसआई से सर्वे का वाद जिला अदालत में दाखिल करने वाले सीता साहू, रेखा पाठक, लक्ष्मी देवी और अंजू व्यास ने तमाम दावे किए हैं। शपथ पत्र दाखिल करके अदालत को बताया है कि उत्तरवाहिनी गंगा के किनारे स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान आदिविश्वेश्वर का मंदिर है। इसे मुगल शासक औरंगजेब के फरमान से वर्ष 1669 में ध्वस्त किया गया था। इसके खिलाफकाशी और देश के अन्य हिस्सों में हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों ने आवाज उठानी शुरू कर दी थी। मांग थी कि द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक भगवान आदि विश्वेश्वर का मंदिर पुनः मूल स्वरूप में स्थापित किया जाए। यह विवाद 354 वर्षों से चल रहा है। एएसआई सर्वे से ही समाधान संभव है।

### एएसआई को इन बिंदुओं पर देनी है सर्वे रिपोर्ट

- वैज्ञानिक जांच में देखा जाएगा कि क्या मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद मंदिर की संरचना के ऊपर किया गया।
- पश्चिमी दीवार की उम्र और प्रकृति की जांच होगी।
- तीन गुंबदों के ठीक नीचे सर्वे।
- सभी तहखानों की जांच व उसकी सच्चाई।
- इमारत की दीवारों पर मौजूद कलाकृतियों की सूची बनेगी। कलाकृतियों की उम्र और प्रकृति का पता लगाया जाएगा।
- इमारत की उम्र, निर्माण की प्रकृति का पता भी लगाया जाएगा।
- इमारत के विभिन्न हिस्सों और संरचना के नीचे मौजूद ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व की कलाकृतियों और अन्य वस्तुओं की जांच की भी जांच होगी।

## खास - खबर

### अमानक खाद, बीज और कीटनाशक पर सख्ती, छह दुकानें सील, 14 निलंबित, 74 को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अमानक खाद, बीज और कीटनाशक बेचने की शिकायत मिलने के बाद कृषि विभाग की छापेमार कार्रवाई जारी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने अलग-अलग जिलों में कार्रवाई की। अब तक छह दुकानें सील कर दी गई हैं। 14 दुकानों का लाइसेस निलंबित किया जा चुका है और 74 दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है। इस मामले में सबसे ज्यादा कार्रवाई गरियाबंद में हुई है। गरियाबंद में 62 कृषि सेवा केंद्रों को कारण बताओ नोटिस, तीन प्रतिष्ठानों में खाद,बीज विक्रय को प्रतिबंधित किए जाने के साथ ही 13 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। रायपुर के अभनपुर विकासखंड के ग्राम पचेड़ा में यदु ट्रेडर्स और ग्राम हसदा में चंद्राकर कृषि केंद्र में गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर वहां भंडारित उर्वरक को जब्त करने के साथ ही दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। आरंग ब्लाक के चंदखुरी स्थित वर्मा कृषि केंद्र के लाइसेंस को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** कई राजनीतिक दलों को संक्षिप्त नाम भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आईएनडीआईए) के उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने याचिका पर आज सुनवाई की। हाकोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और विपक्षी दलों को नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ता गिरीश उपाध्याय ने अधिवक्ता वैभव सिंह के माध्यम से कहा कि कई राजनीतिक दल हमारे राष्ट्रीय ध्वज को अपने गठबंधन के लोगों के रूप में उपयोग कर रहे हैं, जो कि निर्दोष नागरिकों की सहानुभूति और वोट हासिल करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक और रणनीतिक कदम है। इंडिया भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन का संक्षिप्त रूप है, जो अगले साल के चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए 26 पार्टियों के नेताओं द्वारा घोषित एक विपक्षी मोर्चा है।

## मानहानि केस में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, मामला लंबित रहने तक सजा पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई हुई। इस दौरान राहुल को कोर्ट से बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने राहुल की सजा पर अंतरिम रोक लगा दी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने 'मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

बता दें 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

शुक्रवार को इस मामले राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से कहा कि उन्हें सजा पर रोक के लिए आज एक असाधारण मामला बनाना होगा। राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु



सिंघवी ने कहा कि शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का मूल उपनाम 'मोदी' नहीं है और उन्होंने बाद में यह उपनाम अपनाया। राहुल ने अपने भाषण के दौरान जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया। यह 13 करोड़ लोगों का एक छोटा सा समुदाय है और इसमें कोई एकरूपता या समानता नहीं है। सिंघवी ने कहा कि इस समुदाय में केवल वही लोग पीड़ित हैं जो भाजपा के पदाधिकारी हैं और मुकदमा कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट का फैसला काफी दिलचस्प है। राहुल गांधी की सजा कम भी हो सकती थी। वह जानना चाहता है कि अधिकतम सजा क्यों दी गई? कोर्ट का मानना है कि अगर जज ने एक साल 11 महीने की सजा दी होती तो राहुल गांधी अयोग्य नहीं ठहराए जाते।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की घोषणा, अजय माकन बने छत्तीसगढ़ के चेयरमैन



**रायपुर।** कांग्रेस पूरी तरह से चुनावी मोड में है। इसी क्रम में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की घोषणा की है। जिन राज्यों चुनाव होने हैं वहां के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का ऐलान किया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय माकन को छत्तीसगढ़ स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। वहीं डॉ. एल हनुमंथैया और नेटा डिसूजा को मेंबर बनाया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से पीसीसी चीफ दीपक बैज, सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस की जनरल सेक्रेटरी और प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और कांग्रेस के सचिवों को पदेन सदस्य बनाया गया है।

### सीएम भूपेश बघेल ने दुर्ग में की युवाओं से भेंट-मुलाकात



भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग संभाग के युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात के लिए जयंती स्टेडियम, सेक्टर-6, भिलाई भेंट-मुलाकात स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, राज गीत के साथ मुख्यमंत्री ने युवाओं से भेंटङ्कमुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन के साथ ही युवाओं का जोश दोगुना हो गया है। धुमाल और बैंड परफॉर्मेंस की धुन में उत्साहित युवाओं के कका कका के नारे से जयंती स्टेडियम गूंज उठा। युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी और दुर्ग जिले से आए युवाओं से जयंती स्टेडियम, भिलाई में सीधी बातचीत की। इस दौरान युवाओं ने सरकार के हितकारी कार्यों की सराहना की। कई छात्रों ने सीएम बघेल से सीधा सवाल किया जिसका मुख्यमंत्री ने जवाब भी दिया।

### भाजपा ने शुरू की घोषणा पत्र सुझाव पेटी.....

## ई-मेल व वाट्सएप से लेंगे लोगों का सुझाव, घर-घर जाएंगे कार्यकर्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र सुझाव पेटी की शुरुआत की है। गुरुवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में इसका शुभारंभ किया गया। घोषणापत्र को लोगों के अनुसार बनाने के लिए पेटी बांटी गई है जिसे कार्यकर्ता सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में ले जाएंगे और सभी सामाजिक धार्मिक व्यापारिक खेल संगठनों के साथ आम जनों से मिलकर सुझाव एकत्रित करेंगे। यही नहीं इसके लिए व्हाट्सएप नंबर और मेल आईडी भी जारी किया गया।



प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बस्तर से लेकर सरगुजा तक सभी 35 जिला संगठन इकाइयों के पदाधिकारियों को सुझाव पेटियां सौंपी। प्रदेशवासी व्हाट्सएप नंबर 9548656500 और मेल आईडी cgbjp-mankibaat@gmail.com पर अपना सुझाव भेज सकेंगे।

प्रदेश प्रभारी माथुर ने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र के लिए सीधी जन भागीदारी करके सरकार को जनभावनाओं को अनुरूप संचालित करना भारतीय जनता पार्टी का अपना अभिनव राजनीतिक चिंतन है और भाजपा सन 2003 से इसी प्रकार अपने घोषणा पत्र की रचना करती आ रही है। घोषणा पत्र को जनभावनाओं के अनुरूप, छत्तीसगढ़वासियों के मन की बात के अनुरूप बनाने के लिए प्रदेश भाजपा की घोषणा पत्र समिति के मार्गदर्शन में सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता समाज जीवन के हर वर्ग तक सुझाव संग्रह करने पहुंचें और समाज को यह संदेश दें। संसाधन-सम्पन्न छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आपकी इच्छा और आपके मन की बात के अनुरूप काम करने वाली होगी। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि घोषणा पत्र राजनीतिक दल के संकल्पों का दस्तावेज होता है, राजनीतिक दल के दृष्टिकोण का दर्पण होता है। भाजपा के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में जनता से प्राप्त सुझावों को समायोजित किया जाएगा।

### लोगों के सुझाव पर बनेगा घोषणा पत्र

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दु:ख-दर्द को, छत्तीसगढ़वासियों की तकलीफ को महसूस करते हुए हमारे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। एक मां अपने बच्चे का जिस प्रकार पालन-पोषण करती है, उसी भाव से अनुप्राणित होकर भाजपा ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में छत्तीसगढ़ को सजाने-संवारने का काम किया है। लेकिन पौने पांच साल में कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को बदहाल कर दिया। साव ने प्रदेशवासियों से भी अपील की कि वे भाजपा के घोषणा पत्र की रचना में उत्साहपूर्वक भागीदार बनकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें। प्रदेशवासियों के सुझाव के अनुरूप घोषणा पत्र की रचना करके भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को समृद्ध व खुशहाल प्रदेश बनाने के लिए योजनाएं व कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

## कोरबा में 17 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या, घर में थी अकेली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी इलाके में रहने वाली एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे क्या कारण है, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर अकेली ही थी। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

मृतका चंचल यादव के पिता अशोक यादव ने बताया कि सुबह-सुबह वह घर से काम पर चला गया था। उसकी पत्नी भी किसी काम से बाहर गई हुई थी। वहीं, उसकी बेटी चंचल यादव घर पर अकेली थी। बाहर से उसकी मां जब घर लौटी तब उसने देखा कि चंचल का शव घर पर पंखे से लटक रहा है। पत्नी ने इस बात की जानकारी पड़ोसियों को देने के साथ ही उसे दी। अशोक यादव ने घर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चंचल के शव को फंदे से उतारा और पंचानाम करके उसे पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता अशोक यादव ने बताया कि उसकी बेटी ने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया उसे भी नहीं पता है। चंचल यादव आठवीं पास होने के बाद एस साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। कुछ महीने पहले सड़क हादसा उसका दायां पैर फैक्चर हो गया था, जिससे वह बेहद परेशान भी रहा करती थी।

## भाजपा की यह तरकीब लोकतंत्र के अनुरूप

श्रीकंचनपथ




भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त भारत के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा मानता है। छत्तीसगढ़ को वह एआईसीसी का एटीएम कार्ड भी कहता रहा है। इस सरकार को किसी भी कीमत पर गिराने के लिए अब तक वह सभी हथकंडे अपना चुका है। तीन-तीन सर्वे के बाद भी पार्टी को ज्यादा से ज्यादा 30 सीटों पर ही जीत की उम्मीद दिखाई दे रही है। राज्य में विधानसभा की कुल 90 सीटें है। इसलिए उसने वह तरीका छोड़ दिया है जिसके बलबूते उसने केन्द्र में सरकार बनाई थी। भाजपा के निशाने पर आज भी कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही है। केन्द्र की सत्ता से कांग्रेस कोसों दूर चली गई है। जनता जनार्दन ने भी मान लिया है कि केन्द्र में भाजपा और राज्य में काम करने वाली सरकार होनी चाहिए। केन्द्र से अपने हिस्से का लाभ लेने की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ देनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा ने पहले यही फॉर्मूला अपनाया था। अपने तरकश के सारे तीर चलाने के बाद उसे अहसास हुआ कि छत्तीसगढ़ में ईडी छापों और आईटी रेडों का कोई खास असर जनता की मानसिकता पर नहीं पड़ा है। अवाम अभी भी कमोबेश भूपेश सरकार में आस्था रखती है। वह कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हुए सकारात्मक और रचनात्मक परिवर्तनों को लेकर खुश है। संतुष्टि का बड़ा कारण यह भी है कि भूपेश सरकार के कामकाज की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार कर चुके हैं। भूपेश सरकार की योजनाओं को देखने-समझने कई राज्यों की टीमें आ चुकी हैं। इसलिए अब भाजपा ने फोकस बदला है। इसलिए अब वह कांग्रेस के उन विधायकों को निपटाने की कोशिश करेगी जो जनता की नजरों में निकम्मे हैं। जिनसे कोई कामकाज तो होता नहीं ऊपर से व्यर्थ में उनकी फूं-फां झेलनी पड़ती है। लोकतंत्र का यही तकाजा है कि गैर जिम्मेदार और अयोग्य नेताओं को किनारे किया जाए। वैसे, कांग्रेस खुद अपनी अनिष्पादित संपत्तियों से मुक्त होना चाहती है। एक सूची वह भी बना रही है ऐसे विधायकों की जिनका न तो पार्टी को कोई फायदा मिला और न ही जनता को. राजनीति में आए इस परिवर्तन का स्वागत होना चाहिए। वैसे भी आधुनिक दौर नई सोच का है। यह नॉलेज ड्रिवन वर्ल्ड है। अर्थात ज्ञान ही सर्वोपरि है। व्यापार वाणिज्य से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्र में भी चर्चा केवल नवोन्मेष की हो रही है। भूपेश बघेल इन सभी कसौटियों पर खरा उतरते हैं। योजनाओं का क्रियान्वयन होने में, उसके नतीजे आने में वक्त लग सकता है, बल्कि लगता ही है। इसलिए भाजपा अब भूपेश सरकार की योजनाओं की बजाय ठल्ले विधायकों की जड़ें खोदेगी। स्थानीय लोगों में पार्टी लाइन से ऊपर उठकर भाईचारा होता है। इसलिए अब गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दीगर राज्यों के 90 विधायक छत्तीसगढ़ की विधानसभा सीटों की कमान संभालेंगे। काश! भाजपा ने अपनी पार्टी का ऐसा पोस्टमार्टम 5-10 साल पहले कर लिया होता।




## संपादकीय

### आयात पर लगाम

भारत सरकार ने एचएसएन 8741 श्रेणी के अंतर्गत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कम्प्यूटर के आयात पर तत्काल प्रभाव से व्यापक प्रतिबंध लगा दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रतिबंधित वस्तुओं के आयात की अनुमति केवल वैध लाइसेंस पर ही दी जाएगी। हालांकि, बैगेज नियमों के तहत आयात पर अंकुश लागू नहीं होगा। इसका एक अर्थ यह हुआ कि एक लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कम्प्यूटर या अल्ट्रा स्मॉल कम्प्यूटर के लिए आयात लाइसेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस श्रेणी में कोई भी यथोचित शुल्क चुकाकर उपकरण विदेश से मंगा सकेगा या ला सकेगा। वास्तव में, जो सामान किसी ई-कॉमर्स पोर्टल से पोस्ट या कूरियर के माध्यम से खरीदे जाते हैं, उन पर अलग से निर्धारित शुल्क लेने का प्रावधान है। स्पष्ट है कि व्यक्तिगत रूप से लोगों को कोई ऐसा सामान विदेश से लाने या मंगाने में परेशानी नहीं होगी, पर अब कोई थोक में ऐसे सामान के आयात की नहीं सोच सकेगा। जो कंपनियां या विक्रेता कंपनियां विदेश से लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कम्प्यूटर आयात करती हैं, उनका कारोबार बंद होने वाला है।

> “ कंपनियां विदेश से लाकर आपूर्ति करने के बजाय भारत में ही निर्माण को बढ़ावा देंगी। वैसे भी ज्यादातर बड़ी निर्माता कंपनियों ने भारत में ही अपने निर्माण केंद्र बना लिए हैं, इन कंपनियों का काम बढ़ जाएगा, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी। इसमें कोई शक नहीं कि भारत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर का बड़ा उभरता बाजार है।

सरकार को यह कदम पहले ही उठा लेना चाहिए था, क्योंकि भारत में उत्पादन या निर्माण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कदम जरूरी हैं। बड़ी कंपनियां भी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के आयात को तरजीह देती हैं। कम कीमत पर विदेश से ज्यादा सामान खरीदने के बाद ज्यादा कीमत पर भारत में बेचती हैं। ऐसे में, भारत में न तो निर्माण को बढ़ावा मिलता है और न रोजगार सृजन होता है, साथ ही, उत्पाद की बिक्री से होने वाला फायदा भी विदेश चला जाता है। ऐसे में, आयात रोकने के ताजा इंतजाम से भारत में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उत्पादन को बल मिलेगा। कंपनियां विदेश से लाकर आपूर्ति करने के बजाय भारत में ही निर्माण को बढ़ावा देंगी। वैसे भी ज्यादातर बड़ी निर्माता कंपनियों ने भारत में ही अपने निर्माण केंद्र बना लिए हैं, इन कंपनियों का काम बढ़ जाएगा, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी। इसमें कोई शक नहीं कि भारत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर का बड़ा उभरता बाजार है। चीन इत्यादि देशों में ऐसे उत्पादों के बाजार अब स्थिर होने लगे हैं। यूरोप की कुल आबादी से लगभग दोगुनी आबादी अकेले भारत में रहती है, ऐसे में, सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत कितना बड़ा बाजार है! ऐसे बड़े बाजार को अपने इस्तेमाल के अधिकतम उत्पाद स्वयं बनाने चाहिए। जिन विदेशी या बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यहां निर्माण शुरू कर दिया है, उनका सहयोग करने में कोई हर्ज नहीं है। साथ ही, छोटी-मझोली भारतीय कंपनियों को भी पूरी रियायत देते हुए 'मेक-इन-इंडिया' को सफल बनाना चाहिए। भारत को दुनिया का नया उत्पादन केंद्र या मैन्युफेक्चरिंग हब बनाने के लिए जो भी निर्णय या नीतियां संभव हैं, जल्दी लेने की जरूरत है। आज हमारी अर्थव्यवस्था को ज्यादा तेजी और रोजगार की जरूरत है। दुनिया में भारत का विकास बहुत जरूरी है। यह भी जरूरी है, हम कम से कम अपने विशाल बाजार का पूरा लाभ लेने लायक तो हो जाएं। भारतीयों के पास पैसा है, वे दुनिया में कहीं से भी सामान मंगाने में सक्षम हैं, पर जो लाभ अपने देश में सामान बनाने या बनवाने में है, उसे कतई हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। हां, सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में जो सामान निर्मित हों, वे आम भारतीयों की जेब के अनुकूल हों, ताकि देश को पूरा लाभ हो।

## भोथरी हो गई संवेदना?

पहली बार ऐसी खबर नहीं आई है। फिर भी यह ऐसी है, जिससे हर भारतीय मन को व्यग्र हो जाना चाहिए। यह खबर ये सवाल उठाती है कि क्या सचमुच भारत एक ऐसा सभ्य समाज है, जहां मानवीय गरिमा की चिंता की जाती है? ये आंकड़ा सरकार ने संसद में दिया है कि 2019 से 2021 के बीच देश में 13 लाख दस हजार लड़कियां गायब हो गईं। हम अनुमान लगा सकते हैं कि ऐसे बहुत से मामले सरकारी एजेंसियों के पास दर्ज नहीं कराए गए होंगे। यह लापता होने वाली वास्तविक लड़कियों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। वैसे अगर सरकारी आंकड़ों को ही लेकर चलें, तो औसतन साढ़े छह लाख लड़कियां इस देश में हर साल गायब हो जाती हैं और फिर उनका कभी कोई अता-पता नहीं चलता। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2019-21 की अवधि में जो लड़कियां गायब हुईं, उनमें 10 लाख 61 हजार से अधिक बालिग उम्र की थीं। बाकी लगभग ढाई लाख नाबालिग थीं।

यहां यह स्पष्ट कर लेना जरूरी है कि ये वो लड़कियां नहीं हैं, जो परिवारों में स्वास्थ्य, पोषण और अन्य उपेक्षाओं के कारण मृत्यु का शिकार हो जाती हैं। ये वो लड़कियां हैं, जिन्हें या तो किसी संगठित गिरोह ने चुरा लिया या फिर रहस्यमय ढंग से कहीं चली गईं। यह अंदाजा भी लगाया जा सकता है कि इनमें बड़ी संख्या उनकी होगी, जिन्हें देह-व्यापार में धकेल दिया गया होगा। उनमें से अनेक को मानव तस्करों ने विदेश भेज दिया होगा। क्या यह विवेक को आहत करने वाली बात नहीं है कि जिस देश का मीडिया अपने प्रेम संबंध को कारण पाकिस्तान से भारत या भारत से पाकिस्तान चली जाने वाली किसी महिला के मामले में अनगिनत दिन चुस्की भरी चर्चाओं में गुजार देता है, उसके लिए लाखों लड़कियों का गायब होना महज एक दिन की सुर्खी होता है? और मंत्री भी संसद में सामान्य सूचना की तरह ऐसी जानकारियां देते हैं, जिसे वहां मौजूद तमाम राजनेता आम बात के रूप में ग्रहण करते हैं? स्पष्टत: यह भारतीय समाज की भोथरी होती चली गई संवेदना की ही एक मिसाल है।

## संसद में आप ही असली विपक्ष बना

संसद के मानसून सत्र की एक खास बात यह दिख रही है कि आम आदमी पार्टी संसद में मुख्य विपक्षी पार्टी की तरह व्यवहार कर रही है। उसके नेता हर मामले में बयान दे रहे हैं। रणनीतिक मामलों में आप के नेता ज्यादा सक्रिय दिख रहे हैं और मीडिया की ओर से भी उनको तरजीह दी जा रही है। संजय सिंह के मणिपुर के मसले पर राज्यसभा से निलंबित होने के बाद से स्थिति और बदली है। संजय सिंह संसद परिसर में धरना दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी उनसे जाकर मिली थीं और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उनसे मिलने आए। इस तरह आप ने अपने ऊपर फोकस बनवा लिया।

दूसरी ओर विपक्षी पार्टियों के साथ होने वाली बैठकों में पहली बार के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा सबसे ज्यादा रणनीति बना रहे हैं। वे संसद के अंदर भी सबसे मुखर हैं। हर मसले पर उनकी ओर से नोटिस दिया जा रहा है और हर मसले पर उनको बोलना होता है। वे संसद परिसर में मल्लिकार्जुन खड़गे से भी ज्यादा मीडिया बाइट देते हैं। असल में दिल्ली के अध्यादेश वाले मसले पर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया, जिसका फायदा पार्टी उठा रही है। राज्यसभा में उसके 10 सांसद हैं और इस वजह से वह अपने को मुख्य विपक्षी पार्टी मान रही है। हालांकि लोकसभा में उसका सिर्फ एक सांसद है। फिर भी दिल्ली सेवा बिल के मसले पर विपक्षी पार्टियों का समर्थन मिलने से उसकी ताकत बढ़ी है और बचा खुचा काम मीडिया कर देती है। मीडिया में भाजपा के बाद सबसे ज्यादा स्पेस आम आदमी पार्टी को ही मिलता है।

> “ संसद में संवादहीनता की स्थिति इसलिए पैदा हो गई है, क्योंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों एक-दूसरे के खिलाफतने हुए हैं। संवाद का रिश्ता कटुतापूर्ण तनातनी का रूप ले चुका है। लोकतंत्र के लिए यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है। इसका नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश को हो रहा है। हंगामों के शोर में जनता के मुद्दे दब जा रहे हैं। जैसे, ताजा शोरगुल के बीच जिन विधेयकों को पारित किया गया है।

# संसदीय कटुता में कमी कौन लाएगा

नीरजा चौधरी, वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक



संसद में गतिरोध कोई नया मसला नहीं है। पहले भी इसकी बैठकें हंगामों की भेंट चढ़ती रही हैं। सन् 1996 में जब इंद्रजीत गुप्त गृह मंत्री थे, तब एक दिन वह सेंट्रल हॉल के ठीक बाहर अपना सिर पकड़कर बैठ गए थे, क्योंकि विपक्ष (भाजपा) तत्कालीन संयुक्त मोर्चा सरकार के खिलाफ पुरजोर हमलावर था। इसी तरह, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय कथित स्पेक्ट्रम घोटाले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग पर एक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया था। हालांकि, बाद में विपक्षी दलों की यह मांग सरकार ने मान ली थी।

जाहिर है, सांसद दशकों से हो-हंगामे का इस्तेमाल अपने विशेषाधिकार के रूप में करते रहे हैं। संसद की पत्रकार-दीर्घा में जब मैं बैठा करती थी, तब हम पत्रकारों में सत्र के शुरू होने से पहले उसके हंगामेदार होने को लेकर खासा चर्चा होती थी। हमें अंदाज होता था कि किस मुद्दे पर हंगामे के साथ सत्र शुरू होने वाला है? मगर तब यह भी पता होता था कि एक-दो दिन के बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा और संसद सुचारू रूप से चल पड़ेगी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में जब प्रमोद महाजन संसदीय कार्य मंत्री थे, तब एक बार उनको विपक्षी दलों के नेताओं से यह कहते भी सुना गया था कि आपने विरोध किया, इसकी सुनवाई हो गई, आपके संसदीय क्षेत्रों तक बात चली गई, आइए, अब हम मिलकर बात कर लेते हैं। आखिर अब आपको चाहिए क्या? इस तरह के मधुर संवादों से बीच का रास्ता निकल आता था। मगर अब मुद्दों से ज्यादा आपसी कटुता की वजह से संसद में काम नहीं हो रहा। बेशक, सदन चलाने की बड़ी जिम्मेदारी सरकार की है, पर इसकी आड़ में विपक्ष अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकता। अगर ऐसे ही सदन की बैठकें हंगामों के बीच स्थगित होती रहीं, तो संसद अर्थहीन बन जाएगी।

संसद में संवादहीनता की स्थिति इसलिए पैदा हो गई है, क्योंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों एक-दूसरे के खिलाफ तने हुए हैं। संवाद का रिश्ता कटुतापूर्ण तनातनी का रूप ले चुका है। लोकतंत्र के लिए यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है। इसका नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश को हो रहा है। हंगामों के शोर में जनता के मुद्दे दब जा रहे हैं। जैसे, ताजा शोरगुल के बीच जिन विधेयकों को पारित किया गया है, उनमें से एक जन विश्वास बिल के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें नकली दवा बनाने वालों के लिए जेल का प्रावधान हटा दिया गया है और बस जुर्माने की बात कही गई है। इसी तरह, 26 जुलाई को वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन संबंधी जो बिल पारित किया गया है, उससे हिमालयी जंगल के खतरे में पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

कहने का अर्थ यह है कि तकरार पहले भी होती थी, लेकिन चूंकि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बातचीत का एक दरवाजा हमेशा खुला रहता था, इसलिए सरकार की तरफ से रास्ता निकाला जाता था, जिसे विपक्ष भी स्वीकार कर लेता था। मगर अब सब कुछ नाक की लड़ाई बन गई है। ऐसे में, रास्ता निकले तो कैसे? संसद की अपनी भूमिका है, और सड़क की राजनीति की अपनी। अगर संसद में सड़क की राजनीति की जाएगी, तो संसदीय लोकतंत्र ही गौण हो जाएगा।

गठबंधन की सरकारों में कभी-कभी क्षेत्रीय पार्टियां जान-बूझकर भी हंगामा करती रही हैं। यह रणनीति के तहत होता है। ऐसे दलों को अगर अपने मुख्यमंत्री को संदेश देना हो, तो उनके सांसद सदन में हंगामा करते हैं। कभी-कभी सत्तारूढ़ दल के हित में भी हंगामे किए जाते हैं, ताकि सरकार विपक्ष के असहज करने वाले सवालों से बच सके। मगर इस तरह के हंगामों की भी एक सीमा-रेखा होती थी, जिसके पार जाने से सांसद बचा करते थे। अब तो सांसदों के लिए आत्म-चिंतन जैसे शब्द बेमानी हो गए हैं। वे मानो हर अनुशासन से परे जा चुके हैं। यहां तक कि लोकसभा अध्यक्ष को कहना पड़ रहा है कि जब तक सदन सामान्य नहीं हो जाता, वह संचालन नहीं करेंगे।

इसमें दो राय नहीं कि सरकार सदन के प्रति कहीं ज्यादा उत्तरदायी होती है। उसे संसद में सिर्फ कानून नहीं बनाना होता, बल्कि सदन के माध्यम से देश को जवाब भी देना होता है। मगर विपक्ष की भी इसमें पूरी जिम्मेदारी होती है। बेशक मणिपुर का मसला काफी गंभीर है, और वहां के जैसे वीडियो वायरल हुए हैं, वे काफी संवेदनशीलता की मांग करते हैं। इसके लिए विपक्ष ने उचित ही मौजूदा सत्र के पहले दिन बहस की मांग की थी। नियम 176 बनाम 267 को लेकर खासा गतिरोध पैदा हुआ। नियम 176 के तहत कम समय के लिए, संभवत: ढाई घंटे बहस का प्रावधान है, जबकि विपक्ष नियम 267 पर अड़ा था, ताकि सभी मुद्दों को निलंबित कर मणिपुर पर व्यापक चर्चा हो और प्रधानमंत्री जवाब दें। मगर अब जब अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है, जिसमें मणिपुर की चर्चा विपक्ष कर सकता है और अंत में प्रधानमंत्री को जवाब देना है, तब भी गतिरोध बनाए रखना समझ से परे है। इन सबसे आखिर निकलेगा क्या? जिसकी आवाज उठाने का दावा विपक्ष कर रहा है, वह सुनी ही नहीं जा रही! इसका यह अर्थ नहीं है कि सत्ता पक्ष निर्दोष है। किसी सरकार के प्रति यदि संसद में अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है, तो बाकी तमाम मुद्दे गौण हो जाते हैं और प्राथमिकता सत्ता पक्ष द्वारा सदन का विश्वास हासिल करना हो जाता है। मगर इस बार तो अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए आठ-दस दिनों बाद का समय मिला। इस अंतराल का इतना लंबा होना स्वाभाविक ही सवालों के घेरे में है।

कुल मिलाकर, संसद में चल रही नाक की लड़ाई अब खत्म होनी चाहिए। संसद की महत्ता को कमजोर करना एक संजीदा मसला है, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों को गंभीरता से सोचना चाहिए। आदर्श स्थिति यही है कि दोनों पक्षों के वरिष्ठ नेता आगे आएं और संवाद की स्थिति बनाएं। ऐसे गतिरोध से जनता का सबसे अधिक नुकसान होता है। दुर्भाग्य से, अब जन-प्रतिनिधि जनहित की ही बलि लेने लगे हैं।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के मायने

सलमान अनीस सोज, अर्थशास्त्री




हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, यह मानते हुए कि भाजपा अगला लोकसभा चुनाव जीतेगी। यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है। हालांकि, भारत की विशाल आबादी और उसकी आर्थिक वृद्धि ही एक बड़ी अर्थव्यवस्था को सुनिश्चित करेगी।

खैर, प्रधानमंत्री के भाषण के एक दिन बाद भारतीय स्टेट बैंक ने भी यह अनुमान जारी कर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। वैसे कई नेताओं ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बारे में बात की है। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भी तय किया गया है। इसे लेकर नागरिकों में राष्ट्रवादी उत्साह है। हालांकि, यह ऐसा जुनून है, जिसका अधिकांश भारतीयों के व्यापक हित से कोई लेना-देना नहीं। आशंका यह है कि यह हमारा ध्यान भटका सकता है।

जब अर्थशास्त्री जीडीपी को अर्थव्यवस्था के एक अहम संकेतक के रूप में देखते हैं, तब वे जीडीपी के पूरे मूल्य की तुलना में आर्थिक विकास या प्रति-व्यक्ति आय पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। यदि जीडीपी रैंकिंग खुशहाली का पैमाना होती, तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1960 में ही भारत की 8वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का जश्न मनाया होता। तब देश का बड़ा हिस्सा बहुत गरीबी में रहता था। ध्यान दीजिए, 1960 के दशक के मध्य से जापान दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है, पर कई दशकों से उसमें स्थिरता है और अब वह उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत नहीं रहा। किसी अर्थव्यवस्था के समग्र आकार को प्रगति व खुशहाली का एकमात्र मापदंड मानना ठीक नहीं है। अमेरिकी सीनेटर रॉबर्ट कैनेडी ने कहा था कि जीडीपी उन चीजों को छोड़कर हर चीज को मापता है, जो जीवन को सार्थक बनाती हैं। नोबेल विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज बताते हैं, जीडीपी स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसर की समानता, पर्यावरण की स्थिति या कई अन्य पहलुओं को नहीं मापता है।

जीवन की गुणवत्ता के संकेतक अलग हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में 'जीडीपी मानव कल्याण का मापक नहीं है' शीर्षक से एक लेख लिखा है। अमित कपूर के साथ लिखते हुए देबरॉय ने जोर देकर कहा है कि . . . आ धु निक अर्थव्यवस्थाओं ने इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है कि आर्थिक विकास का मानक जीडीपी किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार को मापता है, उसके व्यापक हित को नहीं दर्शाता है।

क्या होगा, जो भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए? भारतीयों को क्षणिक गर्व के अलावा और क्या महसूस होगा कि भारत 1960 के अपने आठवें स्थान से अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है? उन स्कूली बच्चों का जीवन कैसे बदलेगा, जो बुनियादी पाठ नहीं पढ़ सकते या जो साधारण अंकगणित में सक्षम नहीं हैं? उनका क्या होगा, जो कुपोषण के शिकार हैं? क्या यह तीसरा स्थान युवा बेरोजगारी को घटाएगा? क्या भारतीयं ्त्ररयां नौकरियों में अपना उचित स्थान ले पाएंगी? क्या भारत की प्रगति का फल व्यापक रूप से साझा हो सकेगा?

एक गरिमापूर्ण जीवन के लिए अन्य चीजें भी बहुत मायने रखती हैं कि आपको भीड़ द्वारा नग्न नहीं घुमाया जाएगा या सामूहिक बलात्कार नहीं होगा, आपको इसलिए पीट-पीट कर मार नहीं डाला जाएगा, क्योंकि आप अलग धर्म में विश्वास रखते हैं। भारत की जीडीपी रैंक चाहे जो हो जाए, दूसरे पैमानों पर भी गौर करना चाहिए। भूख के पैमाने पर 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर, लैंगिक समानता में 127वें स्थान पर, प्रेस स्वतंत्रता में 161वें, आर्थिक स्वतंत्रता के मामले में 176 देशों में 131वें स्थान पर है। अपना देश बौद्धिक संपदा में 55 देशों में 42वें स्थान पर और भ्रष्टाचार की अवधारणा में 107 देशों में 86वें स्थान पर है।

इसके बावजूद, किसी अर्थव्यवस्था के विशाल आकार को नकारना पाखंड ही होगा। कुल मिलाकर, आज जरूरी है कि सबकी भलाई के लिए विशाल जीडीपी का इस्तेमाल अन्य पैमानों के साथ समग्रता में किया जाए। एकाध तिनकों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री बघेल

मनोज सिंह, सहायक संचालक




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में बेरोजगारी भत्ता योजना राज्य के युवाओं के भविष्य के लिए नए रास्ते खोल रही है। योजना के अंतर्गत युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के साथ ही प्रशिक्षण भी मिल रहा है ताकि उन्हें रोजगार भी मिले, उनका भविष्य उज्ज्वल हो और युवाओं के हाथों में काम हो।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं के बैंक खातों में अब तक 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए का अंतरण कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही ये युवा हमेशा इस योजना के भरोसे न रहें इसके लिए रोजगार मूलक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि युवा सक्षम बनकर रोजगार प्राप्त कर सकें।

प्रदेश के ऐसे युवा जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य खर्चे उठाने में परेशानी उठानी पड़ती है, इस योजना के तहत मिली राशि से वे अपनी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। यह योजना बेरोजगार युवाओं के भविष्य को एक नया आयाम देने में सहायक बन रही है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 2500 रुपए मिलने से बेरोजगार युवाओं को संबल मिल रहा है। योजना को लेकर युवाओं का कहना है कि उनके संघर्ष के दिनों का दर्द कम हो रहा है और जेब खर्च के कारण परिवार पर निर्भरता से भी कुछ राहत मिल रही है।

गौरतलब है कि राज्य के 36 आईटीआई के आधुनिकीकरण के लिए 1188.36 करोड़ रूपए की परियोजना के लिए एमओयू भी किया गया है। जिससे युवाओं को 06 नवीन तकनीकी ट्रेड के साथ ही 23 शॉट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे लगभग प्रति वर्ष 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को विभिन्न उद्योगों में नियोजित कराया जाएगा। युवाओं को अपनी तरक्की के राह में आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए बेरोजगारी भत्ता देने और पीएससी व व्यापम की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफकर उन्हें बड़ी राहत देने का काम किया है।

# ट्रंप नहीं बच पाएंगे अमेरिकी कानून से

श्रुति व्यास

इट्स ऑफिशियल। तो डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमे की चार्जशीट। अगले साल छह जनवरी को लोकतंत्र को कुचलने के आरोप में शुरू होगा मुकदमा। पूर्व राष्ट्रपति पर चार आरोप हैं। अभियोजन ने कहा है कि ''चुनाव हारने के बाद भी प्रतिवादी (ट्रंप) सत्ता पर काबिज रहने के लिए दृढ़ संकल्पित थे।

ट्रंप के खिलाफ इस नए मामले की सुनवाई का काम दो महिला जजों को सौंपा गया है। गुरूवार को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज मोक्सिला ए उपाध्याय के समक्ष पेश होंगे, जिन्हें सन् 2022 में आठ साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार, उनका जन्म भारत में हुआ था। उनका बचपन अमेरिका के कन्सास शहर में गुजरा। उन्होंने कानून की शिक्षा लेने के पहले पत्रकारिता की डिग्री हासिल की। छह जनवरी वाले प्रकरण की सुनवाई अमेरिका जिला न्यायालय की न्यायाधीश तान्या चुटकन करेंगीं जो पहले वकील थीं और जिन्हें फेडरल ब्रांच में बराक ओबामा द्वारा नियुक्त किया गया था। शक नहीं कि यह चार्ज कानून के राज, लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं की जीत है। लोकतंत्र-समर्थक विशेषज्ञों ने इसका स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे लोकतंत्र के विचार और उसकी पालना में लोगों का विश्वास फिर से स्थापित होगा। विशेष प्रोसिक्यूटर की इस घोषणा का स्वागत और सराहना दोनों है। इसलिए भी क्योंकि इससे ट्रंप और उनके समर्थकों द्वारा दी जा रही धमकियों के मद्देनजर अमेरिका की चुनाव व्यवस्था मजबूत होगी।

अभियोग में ट्रंप पर चार आरोप हैं-अमेरिका से धोखाधड़ी करने की साजिश, आधिकारिक काम में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक काम में बाधा डालना और बाधा डालने का प्रयास करना तथा 2020 के चुनाव परिणामों को बदलने और सत्ता में बने रहने के लिए षड़यंत्र और सतत अनुचित प्रयास करना। अभियोग में छह सह-साजिशकर्ताओं की सूची भी दी गई है, जिन्होंने ट्रंप के सत्ता में बने रहने के प्रयासों में केंद्रीय भूमिका निभाई। हालांकि इनके नाम नहीं दिए गए हैं लेकिन इन छह में से पांच के बारे में जो विवरण है वह ट्रंप के वकीलों रूडी जुलियानी, सिडनी पावेल, जान ईस्टमेन, केन चेसब्रो और अमेरिकी न्याय विभाग के पूर्व अधिकारी जेफ क्लार्क से मेल खाता है। यह ट्रंप के सामने आने वाली कानूनी चुनौतियों की शुरूआत भर है। जॉर्जिया में फुलटोन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फेनी विलिस, ट्रंप पर धोखाधड़ी के आरोप लगाने की तैयारी कर रहे हैं। ये आरोप चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राज्य में ट्रंप द्वारा बाइडेन की जीत को पलटने के प्रयासों से संबंधित है। इस सबसे कुख्यात मामले में ट्रंप ने जॉर्जिया के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, रिपब्लिकन पार्टी के ब्रेड रेफेन्सपर्सजर को बाइडेन की हार के लिए जरूरी वोटों का 'जुगाड़' करने का निर्देश दिया था। छह जनवरी की घटनाओं के बाद से ही इस बात की अनिश्चितता एवं इसे लेकर चिंता और भय बना हुआ है कि क्या अमेरिका ट्रंप और उनकी भड़काऊ हरकतों के खिलाफ कोई कार्यवाही करेगा? क्या 45वें राष्ट्रपति को सिर्फ इसलिए छोड़ दिया जाएगा कि वे एक समय दुनिया के सबसे शक्तिशाली पद पर थे या अमेरिकी संस्थाएं- जो सबसे ताकतवर और विवेकवान मानी जातीं हैं- उस व्यक्ति का सामना करेंगी जो दुनिया के सबसे शक्तिशाली पद पर था?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### संसदीय सचिव ने ग्राम पंचायत सिंघी में किसान कुटीर के लिए किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सिंघी में किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान कुटीर निर्माण होने से किसानों को सहुलियत हो सकेगी। ग्राम पंचायत सिंघी में किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, दीपक साहू, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि हुमन दीवान मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों की सरकार है। किसानों के हित में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। सरकार बनते ही जहां किसानों का कर्ज माफ का फैसला लिया गया वहीं समर्थन मूल्य में धान खरीदी पर मुहर लगाई गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री बना है, जो किसानों के विकास का काम कर रहा है। मेहनतकश किसानों, मजदूरों और गरीबों का मर्म समझकर जन सरोकार के अनेक नीतिगत फैसलों से आज किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग खुशहाल हैं। राज्य सरकार के किसान हितैषी फैसलों से राहत मिल रही है।

### जिले में मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाए जा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़-चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में खरसिया में कल सायकल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्राएं रैली में शामिल होकर मतदाता जागरुकता स्लोगन के साथ लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किए। इसी तरह एसडीएम खरसिया रोहित सिंह ने स्कूली बच्चों को व्याख्यान दिए। उन्होंने मताधिकार क्यों जरूरी है इसके संबंध में स्कूली बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आसपास के सभी लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही।

## राज्य में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जोरों पर

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। राज्य में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जोरों परचालू वर्षा ऋतु के दौरान लगभग 3 करोड़ पौधों के रोपण एवं वितरण का लक्ष्य वन विभाग वृक्षारोपण का कार्य जोरों परवन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्य जोरों पर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023 वर्षाऋतु में वन विभाग अंतर्गत हरियाली प्रसार एवं वन संवर्धन के लिए वृक्षारोपण का कार्य जोरों पर है। इसमें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वृहद पैमाने पर 02 करोड़ 91 लाख 20 हजार पौधों के रोपण एवं वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्व 31 जुलाई 2023 की स्थिति में राज्य में 76 लाख 22 हजार पौधों का रोपण एवं 65 लाख 23 हजार पौधों का वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि विभागीय योजनांतर्गत 6 हजार 520 हेक्टेयर तथा 28 कि.मी. में 58 लाख 40 हजार पौधे, मनरेगा अंतर्गत 70 हेक्टेयर एवं 64 कि.मी. में 56 हजार 850 पौधे, कैम्पा मद अंतर्गत 2 हजार 250 हेक्टेयर में 12 लाख 87 हजार पौधे एवं अन्य योजनांतर्गत 478 हेक्टेयर 3 कि.मी. में 4 लाख 39 हजार पौधों के रोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

इसके अंतर्गत 5 लाख 10 हजार फलदार पौधे जिसमें आम, जामुन, बेल, कटहल, मुनगा, सीताफल, पपीता, अनार, नींबू, शहतूत, बादाम, बेर, तेंदू, गंगा ईमली, लीची, आदि, प्रजाति के पौधों का रोपण एवं 11 लाख 51 हजार लघु वनोपज एवं वनौषधि पौधे जैसे, पुत्राजीवा, काला सिरस, सिंदूरी, गरूड़, रीठा, चित्राक, एलोविरा, गिलोय, अडूसा, अश्वगंधा, सर्पगंधा, तुलसी, छोटा करोंदा आदि प्रजाति तथा 15 लाख 32 हजार बांस के पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप वन एवं जलवायु परितर्वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्य तेजी से जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने सभी वन मंडलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक नदी तट रोपण के तहत विगत वर्षों की भांति वर्षाऋतु में भी प्रदेश की हसदेव, गागर, बांकी, बुधरा, बनास, जमाड़, महानदी, शिवनाथ तथा खारून नदियों के तटों पर 120 हेक्टेयर लगभग 3 लाख 55 हजार पौधों का रोपण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह रोपण न सिर्फ मृदा कटाव को रोकेगा, साथ ही छायादार, फलदार एवं अन्य बहुउद्देश्यों की पूर्ति भी भविष्य में स्थानीय नागरिकों की आवश्यकता के अनुरूप करेगा।

वहीं प्रदेश के मार्गों के किनारे हरियाली को बढ़ाने की दृष्टि से सड़क किनारे वृक्षारोपण अंतर्गत 146 कि.मी. 26 हजार पौधों का रोपण कार्य कर लिया गया है। यह वृहद वृक्षारोपण न सिर्फ वनक्षेत्र के अंदर होंगे अपितु वनक्षेत्र के बाहर, निजी एवं शासकीय भूमियों जैसे आंगनबाड़ी, पुलिस चौंकी, उद्यान, अस्पताल, गौठान, शमशान, शासकीय परिसर, आदि स्थानों में भी किया जाएगा।

## जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दी जा रही है निःशुल्क कोचिंग की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**मुंगेली।** जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाउपारा मुंगेली में संचालित प्रज्ञा कोचिंग संस्थान में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर श्री राहुल देव ने आज प्रज्ञा कोचिंग संस्थान का निरीक्षण किया और वहां प्रशिक्षकों व विद्यार्थियों की संख्या, लाईब्रेरी में जरूरी पुस्तकों की उपलब्धता, उचित बैठक व्यवस्था, कम्प्यूटर सिस्टम आदि की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाती है। उन्होंने प्रशिक्षकों से इन प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हेतु विद्यार्थियों को तैयारी के साथ आवश्यक मार्गदर्शन प्रदाय करने कहा। कलेक्टर ने प्रज्ञा कोचिंग संस्था में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों से भी चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह विषय से संबंधित मूल्यांकन परीक्षा लिया जाता है। विद्यार्थियों ने कहा कि प्रश्न पेपर का प्रिंट मटेरियल उन्हें मिलना चाहिए। कलेक्टर ने इसका उचित व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रशिक्षकों से प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी कराने के साथ अब तक हुए पढ़ाई की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से विषयों से संबंधित सवाल भी पूछे तथा संबंधित अधिकारियों से विद्यार्थियों के पढ़ाई के स्तर में बेहतर सुधार सुनिश्चित करने कार्ययोजना बनाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करना जरूरी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आवश्यक कैरियर मार्गदर्शन भी दिया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय मुंगेली में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रज्ञा कोचिंग संस्था का संचालन किया जा रहा है।

## कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** खरीफ 2023 में जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उप संचालक कृषि, दुर्ग के मार्गदर्शन में विकासखंड दुर्ग के शर्मा कृषि केन्द्र जेवरा सिरसा तथा किसान मित्र कृषि सेवा केन्द्र करंजा-भिलाई का कीटनाशी निरीक्षक श्रीमती निलीमा राजपूत एवं दल द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखंड धमधा में आदित्य एग्रोटेक धमधा एवं कृषि विकास केन्द्र धमधा का कीटनाशी निरीक्षक श्रीमती प्रभा पटेल एवं दल द्वारा निरीक्षण किया गया।

उपसंचालक कृषि श्री एल.एम.भगत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज-स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध कृषि आदान सामग्री आदि का अवलोकन किया गया। जहां स्त्रोत प्रमाण पत्र अनुसार कीटनाशक औषधि का विक्रय पाया गया। निरीक्षण दल ने बीज, कीटनाशक और उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर ही अच्छी गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री बेचने तथा अवसान तिथि वाले कीटनाशक औषधियों को पृथक से भंडारण करने एवं संबंधित निर्माता कम्पनी को वापस करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रतिष्ठानों में निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी का संधारण नहीं किये जाने के फलस्वरूप संबंधित विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। वहीं कृषि आदान सामग्री खरीदते समय मूल बिल अनिवार्य रूप से लेने हेतु सभी कृषकों से भी अपील की गई है।

## विकास कार्यों को तय समय पर पूर्ण कराएं: मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने आज नारायणपुर कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में विभागीय कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य जनहित के निर्माण गतिविधियों को जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं, ताकि स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं उपयोगी बनाने के लिए हमने रीपा प्रारंभ किया। इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन से युवा एवं महिलाओं को स्वरोजगार से बड़ी संख्या में जोड़ा जा सकेगा।

मंत्री श्री लखमा ने स्कूल, आश्रम और आंगनबाड़ी भवन निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये, ताकि इसका लाभ स्थानीय लोगों को मिल सके। समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे आम जनता को शुद्ध पेयजल मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी और स्कूल भवनों का सौंदर्यीकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा मनरेगा योजना, गोबर क्रय निर्मित खाद की विक्रय, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्रगति, सामुदायिक वन अधिकार पत्र और सड़क मार्ग निर्माण की प्रगति से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया।

बैठक में छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबत्ती नेताम, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मुद्रा लोन मेला में बडी संख्या में हितग्राहिओं ने लोन मेला का लाभ लिया-पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में शाम 3: 30 बजे से शाम 6: 00 तक प्रधानमंत्री मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया गया।



मुद्रा लोन मेले में व्यापारियों एवं हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना का लाभ देने कैट के टेक्नीकल टीम के साथ ही विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक भी शामिल हुए। मुद्रा लोन मेले में व्यापारियों को इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनो के प्रमुखों सहित व्यापारीगण शामिल हुए और इस योजना के बारे में हितग्राहियों ने विस्तार से जाना तथा लाभ उठाया ।

इस योजना के तहत 50 हजार से 10 लाख तक लोन, बिना गारंटी (पात्रता अनुरूप), आकर्षक ब्याज दर एवं अन्य लोन सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जाना इत्यादि शामिल हैं। लोन मेले में राष्ट्रीयकृत बैंकों में बैंक ऑफ बडौदा, यूनियन बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक आईडीबीआई बैंक, आरबीएल बैंक ने अपने स्टॉल लगाये तथा लगभग 100 लाभार्थी पहुंचे। कई हितग्राहियों के लोन तत्काल स्वीकृत हुए।

पारवानी एवं दोशी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना से पूरे प्रदेश के व्यापारियों को इसका लाभ मिल सके इसके लिए कैट द्वारा टेक्नीकल टीम बनाया गया है जिसमें तकनीकी एवं बैंकिंग विशेषज्ञ मुकेश मोटवानी, संयोजक भरत जैन एवं सह-संयोजक रमेश खोडियार है। जिनसे संपर्क कर कोई भी व्यापारी अपने लोन सम्बन्धी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकता है।

प्रधानमंत्री मुद्रा लोन मेला में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे - अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, पवन वाधवा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नरेश पाटनी, नरेन्द्र दुग्गड, महेन्द्र बागरोडिया, मोतीलाल सचदेव, जयराम कुकरेजा, मोहन वल्र्यानी, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, रमेश खोडियार, हरसुख पटेल, राकेश लालवानी, नरेश माखीजा, सुनील लालवानी एवं अन्य व्यापारीगण आदि।

### बाढ़ आपदा राहत एवं बचाव के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों को रखा अलर्ट पर

**रायगढ़।** जिले में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश को देखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत प्रबंधन के संबंध विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें। आपदा राहत से जुड़े सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। जिससे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

BIG BRAND
Premium Store

30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## इन्टेन्सिफाइड मिशन इंद्रधनुष 5.0 पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन

# ‘टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, भ्रांतियों को दूर करने और टीकाकरण का कवरेज बढ़ाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका’

### स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ ने टीकाकरण, आईएमआई 5.0 तथा यू-विन पोर्टल के बारे में मीडियाकर्मियों को किया सेन्सिटाइज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ द्वारा आज टीकाकरण, आईएमआई 5.0 तथा यू-विन पोर्टल के बारे में मीडियाकर्मियों को सेन्सिटाइज करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला में प्रदेश के कई जिलों के मीडियाकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला में पांच वर्ष तक के हर बच्चे तक सभी टीकों की पहुंच सुनिश्चित करने, लोगों को टीकाकरण का महत्व बताने तथा उन्हें इसके लिए प्रेरित करने एवं टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया गया। मीडियाकर्मियों ने अधिकारियों से सवाल पूछकर टीकाकरण एवं इन्टेन्सिफाइड मिशन इंद्रधनुष 5.0 से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान किया।

संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि टीकाकरण से बच्चों की मृत्यु और विकलांगता रोकी जा सकती है। टीकों के माध्यम से हम बच्चों को जितना अधिक सुरक्षित कर सकते हैं, करना चाहिए। यह उन्हें बीमारियों से बचाती है। बच्चों की अच्छी इम्युनिटी और अच्छी सेहत के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल सभी टीके लगवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया लोगों तक जानकारी पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। इनकी अच्छी पहुंच है और यह लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। सघन टीकाकरण अभियान आईएमआई 5.0 को ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंचाने और उनका जीवन सुरक्षित करने में मीडिया के साथियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, ऐसी वे अपेक्षा करते हैं।




राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वीआर भगत ने कार्यशाला में कहा कि आईएमआई 5.0 के माध्यम से टीकाकरण से छूटे पांच वर्ष तक के हर बच्चे का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश भर में तीन चरणों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक तथा तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जो बच्चे नियमित टीकाकरण में छूट गए हैं, उनका इस अभियान के दौरान टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएमआई 5.0 में खसरा और रूबेला के उन्मूलन पर खास जोर दिया जा रहा है।

कार्यशाला में यूएनडीपी के राज्य कार्यक्रम अधिकारी अंशुमन मोइत्रा ने टीकाकरण का रिकॉर्ड रखने और रिपोर्टिंग के लिए तैयार किए गए पोर्टल यू-विन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए भारत सरकार द्वारा यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इसके माध्यम से लाभार्थियों का नेम बेस्ड ट्रैकिंग किया जा सकता है जिससे सभी बच्चों को समय पर टीका लगाने में सहायता मिलेगी और लेफ्ट-आउट एवं ड्रॉप-आउट बच्चों की संख्या को कम किया जा सकेगा। यू-विन के माध्यम से टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी हो जाता है।

### हर बच्चे तक सभी टीकों की पहुंच सुनिश्चित करने में मीडिया का अहम योगदान

यूनिसेफके छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जकारिया ने कार्यशाला में कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों के लिए जीवनरक्षक और विकलांगता से बचानेवाला है। पूरी दुनिया में हर साल पांच वर्ष तक की उम्र के 50 लाख बच्चों की मृत्यु होती है जिनमें से 15 लाख बच्चे ऐसे हैं जो टीकों से दूर हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर लोगों में झिझक, भ्रांति और गलत धारणाएं हैं। कुछ प्रतिकूल घटनाओं के कारण भी कई बार लोग टीकाकरण के लिए नहीं आते हैं। हर बच्चे तक सभी टीकों की पहुंच सुनिश्चित करने इन बाधाओं को दूर करने में मीडिया अहम योगदान दे सकती है। श्री जकारिया ने मीडियाकर्मियों से आग्रह किया कि वे इन्टेन्सिफाइड मिशन इंद्रधनुष 5.0 और टीकाकरण के फायदों के बारे में लोगों को बताएं। उन्हें जागरूक व शिक्षित करें तथा टीकों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें।

## खास खबर...

### पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा: परिसीमित सीधी भर्ती के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु की पात्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आवेदन होंगे स्वीकार

**रायपुर।** पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में परिसीमित सीधी भर्ती अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु की पात्र कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आवेदन अब स्वीकार किये जाएंगें। इससे 62 वर्ष से कम उम्र की सभी पात्र कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परिसीमित सीधी भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट पर आवेदन भरने की सुविधा पुन: उपलब्ध करायी जा रही है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट याचिका की सुनवाई में 26 और 27 जुलाई 2023 को पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यह सुविधा प्रदान की गई है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आवेदन की समय सीमा बढ़ी, 16 अगस्त तक होंगे पंजीयन

**रायपुर।** सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। यह तारीख पहले 31 जुलाई थी। अब किसान 16 अगस्त तक बीमा हेतु अपना आवेदन कर सकते है। खेती के दौरान किसानों को हर साल मुश्किलों से दो-चार होना होता है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों की फसलें कई बार पूरी तरह बर्बाद हो जाती है. ऐसी स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की गई थी।



## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने किया अत्याधुनिक ब्लड सेंटर का शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल एवं छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस के अध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर द्वारा सिविल लाइन रायपुर में बनाए जा रहे अत्याधुनिक ब्लड सेंटर का शिलान्यास किया। इस ब्लड बैंक में अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से जांच कर रक्त का संग्रहण किया जायेगा, ताकि जरूरत मंद मरीजों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, इस उद्देश्य के साथ भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सतत् मानव सेवा का कार्य किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक ब्लड सेंटर के निर्माण से आमजनता को बहुत लाभ होगा। उन्होंने निर्माणाधीन बल्ड सेंटर परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया है।

इस अवसर छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी एम. के. राउत, चेयर मेन अशोक अग्रवाल, सचिव डॉ. आर. पुरोहित, रेडक्रॉस के अन्य सदस्य तथा रक्तदाता उपस्थित थे।

## एनएबीएच प्रमाणीकरण के लिए आयुर्वेद महाविद्यालयों और संबद्ध संस्थाओं के अधिकारियों एवं डॉक्टरों का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के आयुष संचालनालय द्वारा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर एवं बिलासपुर से संबद्ध अस्पतालों को एनएबीएच प्रमाणीकरण के लिए वहां के शिक्षकों, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकादमी निमोरा में आयोजित किया गया है। आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी ने बताया कि केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार देश के आयुर्वेद कॉलेजों के अस्पतालों को एनएबीएच सर्टिफाइड होना आवश्यक है ताकि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण सुगम चिकित्सा सेवा प्राप्त हो सके। साथ ही महाविद्यालय के छात्रों को भी उच्च स्तरीय चिकित्सकीय शिक्षण और प्रशिक्षण मिल सके।



आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर तथा संबद्ध संस्थाओं के अधिकारियों और डॉक्टरों को नई दिल्ली के विशेषज्ञ एवं परामर्शदाता डॉ. अनूप निगवेकर एवं डॉ. किरण पंडित प्रशिक्षण दे रहे हैं। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी एवं बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. आरपी गुप्ता, आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास और राष्ट्रीय आयुष मिशन के डॉ. मुकुंद अग्रवाल सहित 54 विषय विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं चिकित्सक भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षार्थियों को अस्पताल प्रबंधन में शामिल विषयों जैसे ओपीडी व आईपीडी में मरीजों की देखभाल, परामर्श, इमरजेंसी सर्विसेज, नर्सिंग केयर, औषधि वितरण, नैदानिक व्यवस्था, दस्तावेजीकरण, स्वच्छता, सूचना, अग्निशमन, बायोमेडिकल वेस्ट निष्पादन इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाएगी जो जनसामान्य और छात्रों के लिए उपयोगी होगा।

उल्लेखनीय है कि शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर में 165 बिस्तर क्षमता वाला अस्पताल संचालित है जिसमें 10 ओपीडी, फिजियोथेरेपी, जेरिएट्रिक क्लिनिक आदि की सुविधाएं हैं। अस्पताल के एनएबीएच सर्टिफाइड होने से शहर के साथ राज्य के लोगों को स्तरीय आयुर्वेद चिकित्सा मिल सकेगी। वहीं इससे संस्था की शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## एकलव्य के विद्यार्थियों को जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेगी ऑनलाईन कोचिंग

### मंत्री मोहन मरकाम की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति ‘संचालक मण्डल’ की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम संस्थान समिति ‘संचालक मण्डल’ की बैठक में इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ का राज्य समिति के अनुमोदन से ही स्थानांतरण करने पर सहमति दी गई।

मंत्री मोहन मरकाम ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। यदि विद्यालय विषय-विशेषज्ञ पर्याप्त संख्या में नहीं है, तो नियमानुसार अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। इन स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए शिक्षकों की क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और समय-समय पर विद्यालयों के अध्ययन-अध्यापन की समीक्षा भी की जाए।




बैठक में बताया गया कि शिक्षण सत्र 2023-24 में 25 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं कक्षाएं संचालित है। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत 1474 विद्यार्थियों में से कक्षा 12वीं में जीव-विज्ञान के लगभग 982 विद्यार्थियों और गणित संकाय के लगभग 492 अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई और नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों हेतु ऐसे विद्यालय जहां हाई स्पीड इंटरनेट स्थापित है, वहां ऑनलाईन कोचिंग दी जाएगी। वर्तमान में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 22860 विद्यार्थियों के लिए गणवेश की आवश्यकता है। शाला गणवेश के लिए केव्हीआईसी के स्थान पर राज्य के स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहन देने के लिए हाथकरघा विकास विपणन संघ मर्यादित रायपुर को कार्यादेश दिए जाने के प्रस्ताव को कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया। इसके साथ ही एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2023-24 में प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिए जाने का भी अनुमोदन किया गया।

सचिव डीडी सिंह ने आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान संचालन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति ने नई दिल्ली से केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से यह योजना संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समकक्ष लाना, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो इसके लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। वर्ष 2018-19 से इन विद्यालयों में सीबीएसई के पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन कराया जा रहा है।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023-24 में प्रदेश में संचालित कुल 74 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 22 हजार 860 सीट स्वीकृत हैं, जिस पर प्रवेश की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में एकलव्य विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए वनभूमि का चिन्हांकन एवं आबंटन की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही नवीन एकलव्य विद्यालय के लिए चिन्हांकित की गई वन भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

एकलव्य विद्यालय में एनआईसी-एसआई के माध्यम से आउटसोर्स से लेखापाल रखे जाने की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में आउटसोर्स के माध्यम से लेखापाल रखे जाने के लिए प्रस्तावित 74 पदों के विरूद्ध 24 लेखापाल रखे गए हैं, शेष के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा एनआईसी-एसआई मंत्रालय रायपुर से मल्टी टास्किंग स्टाफ रखने का अनुमोदन किया गया।

## ‘बिहान’ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंगदान करने की ली शपथ

**रायपुर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आज भारतीय अंगदान दिवस पर अंगदान करने और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। नवा रायपुर स्थित ‘बिहान’ के राज्य कार्यालय में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक पद्मिनी भोई साहू और मुख्य संचालन अधिकारी एलिस लकड़ा सहित कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने अंगदान करने तथा अपने परिजनों व मित्रों को अंग एवं ऊतक दान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि अंगदान और ऊतक दान के प्रति नागरिकों को जागरूक करने आज प्रदेश सहित पूरे देश में अनेक संस्थानों में अंगदान महोत्सव का आयोजन किया गया है।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेन्डर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से मिल सकते हैं ये पांच फायदे



मेडिटेशन यानी ध्यान लगाना एक अद्भुत अभ्यास है, जो तनाव और चिंता से मुक्त जीवन जीने में मदद कर सकता है। यह आपको अंदर से बाहर तक तरोताजा महसूस करने में भी मदद करता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि अगर मेडिटेशन का अभ्यास संगीत सुनते हुए किया जाए तो इससे आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इसके लिए संगीत हल्का और मधुर होना चाहिए। तेज आवाज में और भड़कीला संगीत सुनने से बचें।

## तनाव को दूर करने में है सहायक

मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने का सबसे बड़ा लाभ यही है कि इससे तनाव और चिंता के स्तर में कमी आती है। तनाव दुनिया की सबसे आम मानसिक समस्याओं में से एक है। अगर काम का बोझ बहुत अधिक है तो खुद को अक्सर तनावग्रस्त महसूस करना बहुत स्वाभाविक है। हालांकि, जब आप मेडिटेशन के दौरान सुखद और मधुर संगीत सुनेंगे तो आप शांत महसूस करेंगे और धीरे-धीरे तनाव भी दूर होने लगेगा।

## भावनाओं का संतुलन रखे बरकरार

भावनात्मक संतुलन बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। इसका कारण यह है कि आपको पता नहीं होता कि कब और कौन-सी परेशानी आपके सामने आ खड़ी हो जाए। ऐसे में एक संतुलित दिमाग बदलती परिस्थितियों से नहीं डरता, बल्कि उनका डटकर सामना करता है। मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से आपको अपनी भावनाओं को संतुलित करने में मदद मिल सकती है। कई अध्ययनों के मुताबिक, जो लोग संगीत सुनते हुए मेडिटेशन करते हैं, वे भावनाओं से निपटने में बेहतर होते हैं।

## एकाग्रता क्षमता को बढ़ाने में करता है मदद

अगर आप रोजाना कुछ मिनट मेडिटेशन करते समय संगीत सुनते हैं तो इससे आपका ध्यान नहीं भटकेगा और एकाग्रता क्षमता में भी इजाफा होगा। इस तरह से अगर आप कॉलेज या स्कूल के छात्र हैं तो आप बेहतर पढ़ाई कर पाएंगे और अगर कार्यस्थल पर आपका जीवन व्यस्त है तो आप नई और कठिन परियोजनाओं पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। इससे आपको हर तरह की परेशानी को सूझबूझ के साथ सुलझाने में भी मदद मिलेगी।

## नींद की गुणवत्ता में करें सुधार

स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए नींद बहुत जरूरी है। पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद आपको जीवन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में भी सक्षम बनाती है। अगर आपको नींद लेने में दिक्कत होती है तो रोजाना कुछ मिनट संगीत सुनते हुए मेडिटेशन करें।इससे आप अधिक शांत व्यक्ति बन जाएंगे और बेहतर नींद लेंगे। रात की अच्छी नींद यह सुनिश्चित करेगी कि आप पूरी तरह से स्वस्थ भी हैं।

## शरीर को ठीक करने में है प्रभावी

मेडिटेशन से न केवल मानसिक घाव ठीक होते हैं, बल्कि शारीरिक घाव भी ठीक होते हैं। यह शरीर की कई बीमारियों को प्राकृतिक रूप से ठीक करने में मदद कर सकता है। ऐसे कई अध्ययन हैं, जो सर्जरी के बाद मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने वालों के बीच बहुत सारे लाभ दिखाते हैं। अगर आप ऐसा कर सकें तो यकीनन इससे आपको कई लाभ मिलेंगे।



# नंदमुरी कल्याण राम की डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट हिंदी में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नंदमुरी कल्याण राम पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म डेविल : द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी संयुक्ता मेनन के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। ताजा जानकारी यह है कि डेविल : द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट तमिल भाषा के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक साझा की है, जिसमें नंदमुरी धांसू एक्शन करते नजर आ रहे हैं।

डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट से नंदमुरी का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म का निर्देशन नवीन मेदाराम द्वारा किया जा रहा है, जबकि अभिषेक नामा इसके निर्माता हैं। सुनील शाह और राजा सुब्रमण्यन डेविलः द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट के सह-निर्माता हैं। फिल्म की कहानी श्रीकांत विसा ने लिखी है। इसमें हर्षवर्द्धन रमेश्वर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें, नंदमुरी बाला गोपालुडु, बिम्बिसार और हरे राम जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखा चुके हैं।

झलक में डेविल नाम के क्रूर और चतुर एजेंट को ठोस प्रत्याशा के साथ पेश किया गया है। स्वतंत्रता-पूर्व युग में डेविल नामक एक ब्रिटिश एजेंट था। नंदामुरी कल्याण राम सुंदर दिखते हैं और एक अच्छा एजेंट कैसा होना चाहिए, इस पर चर्चा करते हैं।

कल्याण राम एक गुप्त एजेंट की तरह दिखते हैं और हम केवल चरित्र को ही समझ सकते हैं, अभिनेता को नहीं। कैमरा वर्क और बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ उत्पादन मूल्य ऊंचे हैं। झलक में संयुक्ता मेनन भी दिख रही हैं, जो बेहद खूबसूरत हैं। शैतान की कार्रवाई, रोमांस और एक गहरे रहस्य को सुलझाने का मिशन निश्चित रूप से स्तर को ऊपर उठाता है। देवांश नामा द्वारा प्रस्तुत, अभिषेक नामा अभिषेक पिक्चर्स के बैनर तले इस पीरियड ड्रामा का निर्माण कर रहे हैं। डेविल को तेलुगु, हिंदी, तमिल और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा।

# विटामिन-पी क्या है? जानिए इससे युक्त खाद्य पदार्थ और इसके फायदे

आपने कभी विटामिन-पी के बारे में सुना है? शायद नहीं क्योंकि यह कोई विटामिन नहीं है, बल्कि एक शब्द है और इसका उपयोग पौधों के यौगिकों के एक समूह के लिए किया जाता है। इसे फ्लेवोनोइड्स के रूप में जाना जाता है। फ्लेवोनोइड्स खाद्य पदार्थों को रंग देते हैं और इससे युक्त खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

## फ्लेवोनोइड्स को विटामिन- पी क्यों कहा जाता है?

जब वैज्ञानिकों ने साल 1930 में इसे पहली बार संतरे से निकाला था, तब फ्लेवोनोइड्स को विटामिन- पी कहा जाता था क्योंकि तब इसे एक नए प्रकार का आवश्यक विटामिन माना गया था। हालांकि, जैसे-जैसे वैज्ञानिक ज्ञान उन्नत हुआ, यह स्पष्ट हो गया कि ये विटामिन के रूप में योग्य नहीं हैं। इसी कारण विटामिन- पी को फ्लेवोनोइड्स का नाम दिया गया और अब इसको पौधों में पाए जाने वाले लाभकारी फाइटोकेमिकल्स के समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है।

## क्या हैं फ्लेवोनोइड्स?

फ्लेवोनोइड्स 6,000 से अधिक किस्म के पौधों के यौगिकों का एक विविध समूह है और पौधों के




जीवन और अस्तित्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पौधों में इनकी उपस्थिति के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें संक्रमण को रोकना, पौधों को सूरज और पर्यावरणीय तनाव से बचाना और परागण के लिए कीड़ों को आकर्षित करना आदि शामिल हैं। इसके अलावा फ्लेवोनोइड्स जामुन, चेरी और टमाटर जैसे फलों और सब्जियों को गहरे और जीवंत रंग भी प्रदान करते हैं।

## फ्लेवोनोइड्स से मिलने वाले लाभ

फ्लेवोनोइड्स विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इसका कारण है कि ये एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसी प्रतिक्रिया प्रकट करते हैं।ये मस्तिष्क कोशिकाओं की रक्षा करके मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रख सकते हैं। इसके अलावा फ्लेवोनोइड्स का सेवन टाइप-2 मधुमेह के जोखिम कम करने में भी सहायक है और फ्लेवोनोइड्स से हृदय रोग का खतरा भी कम हो सकता है।यही कारण है कि आपको विभिन्न रंग के खाद्य पदार्थ खाने चाहिए।

## फ्लेवोनोइड्स के स्रोत

फ्लेवोनोइड्स पीले, नारंगी और लाल रंगों की सब्जियों और फलों में होते हैं। साथ ही ये आम, खुबानी, संतरे और अंगूर जैसे खट्टे फलों में भी पाए जाते हैं। इसके अन्य स्रोतों में नींबू और चेरी शामिल हैं। सब्जियों में गाजर, टमाटर, मिर्च, ब्रोकोली, प्याज और ओरिगैनो फ्लेवोनोइड्स से युक्त होते हैं। फ्लेवोनोइड्स को 70 प्रतिशत से अधिक कोको सामग्री के साथ ग्रीन टी, रेड वाइन और डार्क चॉकलेट से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## फ्लेवोनोइड्स की कमी से होने वाले नुकसान

शरीर में विटामिन- सी के उचित अवशोषण के लिए फ्लेवोनोइड्स जरूरी हैं। कमजोरी, थकावट, मांसपेशियों में दर्द, मसूड़ों से खून आना और मुंह में दरारें होना आदि लक्षण भी तभी सामने आते हैं, जब शरीर में फ्लेवोनोइड्स की कमी होती है। चेहरे की झुर्रियों के आसपास हल्का-हल्का रक्तस्राव दिखना भी फ्लेवोनोइड्स की कमी का संकेत हो सकता है। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

# जेलरः 72 की उम्र में दिखा रजनीकांत का स्वैग

सिने उद्योग के सुपर सितारे रजनीकांत उम्र के 72वें पडाव पर भी बतौर नायक आकर अपने दर्शकों और प्रशंसकों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म जेलर है जिसे पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किया जा रहा है। यह फिल्म इस महीने की 10 तारीख को प्रदर्शित होने जा रही है। निर्माता निर्देशक तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसे प्रदर्शित कर रहे हैं। इसके चलते हिन्दी भाषी क्षेत्रों में इसका गदर-2 और ओएमजी-2 से मुकाबला



होगा। थलाइवा का स्वैग फैंस के दिलों पर जादू करने वाला है। इससे पहले निर्माता-निर्देशक ने सुपरस्टार रजनीकांत और तमन्ना भाटिया स्टारर अपकमिंग मूवी जेलर का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जो धुआंधार एक्शन और जबरदस्त डायलॉग्स से लबरेज है। सामने आए मूवी के ट्रेलर में थलाइवा का जादू फैंस के दिलों पर चढ़ता दिखा। अपनी अगली मूवी जेलर में रजनीकांत टाइगर मुथुवेल पांडियन नाम के जेलर का किरदार निभाते दिख रहे हैं। जो परिवार के लिए विनम्र और सिंपल है। लेकिन दुश्मनों के लिए किसी खूंखार टाइगर से कम नहीं हैं। इस ट्रेलर में जितना जबरदस्त रजनीकांत का स्वैग लगा है। उतने ही खतरनाक बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ लगे हैं। जो फिल्म में मेन विलेन के रोल में हैं।

# तृषा कृष्णन फिल्म लियो से एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने तैयार



सुप्रसिद्ध दक्षिण भारतीय अभिनेत्री तृषा कृष्णन लियो नामक आगामी फिल्म से एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित और करिश्माई थलपति विजय अभिनीत यह फिल्म 19 अक्टूबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है।

सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा के बीच, आगामी परियोजनाओं में त्रिशा की संभावित भूमिकाओं के बारे में दिलचस्प चर्चाएं सामने आई हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह कल्याण कृष्ण द्वारा निर्देशित फिल्म में चिरंजीवी की पत्नी की भूमिका निभा सकती हैं। एक और लुभावनी अफवाह उसी प्रोडक्शन में शारवानंद की मां के रूप में उनके चित्रण का प्रस्ताव करती है। फिल्म निर्माता इन अटकलों की पुष्टि या खंडन करने के लिए स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

विशेष रूप से, यह फिल्म प्रतिष्ठित चिरंजीवी की बेटी सुष्मिता कोनिडेला के नेतृत्व में है, जिसमें गोल्ड बॉक्स एंटरटेनमेंट्स प्रोडक्शन हाउस के रूप में काम कर रहा है। आगामी खुलासों की प्रतीक्षा करें क्योंकि अधिक विवरण सामने आने वाले हैं, जो शौकीन सिनेमा प्रेमियों के लिए उत्साह और प्रत्याशा का माहौल सुनिश्चित करेगा।



# लहंगे और डीप नेक ब्लाउज में सारा अली खान ने लगाया हॉटनेस का तड़का, तस्वीरें देख होश खो बैठे फैंस

फिल्म डेब्यू से पहले ही दुनिया भर में सारा अली खान के चर्चे थे। एक्टिंग डेब्यू के बाद तो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर तहलका ही मचा दिया। सारा अली खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और अक्सर अपने लुक्स से फैंस को दीवाना बनाती नजर आती हैं। सारा ने हाल ही में अपने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिनमें उनका देसी लुक देखने के बाद फैंस अपना होश खो बैठे हैं। वैसे तो पटौदी खानदान की बेटी सारा अली खान अपनी खूबसूरती के साथ-साथ नेचुरल ब्यूटी के लिए दुनिया भर में मशहूर है। सारा अली खान ने हाल ही में लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिनमें वो काफी खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। सारा अली खान के देसी लुक और किलर अदाओं को देखने वालों के होश तक उड़ गए और उनके फैंस अपना होश तक खो बैठे। इंडियन काउचर वीक 2023 के रैंप पर एक्ट्रेस सारा अली खान ने लहंगे और डीप नेक ब्लाउज में हॉटनेस का तड़का लगाया। सारा अली खान के इस देसी लुक को देखने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पीच-सिल्वर कलर के लहंगे और डीप नेक बलाउज में सारा अली खान बला की खूबसूरत लग रही थीं। इंस्टाग्राम पर सारा अली खान की ये तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर छा गई, जिन पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे है। इंडियन काउचर वीक के रैंप पर सारा अली खान का हुस्न देख ऐसा लगा मानों चांद जमीन पर उतर आया हो। सारा ने लहंगे के साथ डीप नेक ब्लाउज कैरी किया था, जो उनके लुक को और भी डिसेंट और हॉट बना रहा था। इन तस्वीरों में सारा अली खान अपनी पती कमर और कर्वी फिगर को जमकर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ेंगे सोशल मीडिया में सक्रिय युवा

**कांकेर।** कलेक्टर कांकेर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के सोषल मीडिया में सक्रिय युवाओं की बैठक लेकर उन्हें मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ने की अपील किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले में 02 अगस्त को फोटोयुक्त मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाषन किया गया है, 31 अगस्त तक निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, नाम विलोपन करने तथा त्रुटि सुधार करने हेतु दावा-आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को प्रत्येक मतदान केन्द्र में विषेष षिविर आयोजित किया जावेगा। विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होगी, ऐसे नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा। मृत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित की जायेगी तथा त्रुटि सुधार भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने सोषल मीडिया में सक्रिय युवाओं से कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ें तथा नये मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मृत व्यक्तियों का नाम विलोपित करवाने तथा त्रुटि होने पर उसे सुधरवाने के लिए सोषल मीडिया के माध्यम से लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जो अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में उपस्थित युवा बिट्टु साहु, अजय वट्टी, धीरज कटारा, शिल्पा साहु, आर्यन साहु, इशा सेन, मीनू तारम, योगेश्वरी सिन्हा, स्मिता खटवानी, हरिप्रिया बघेल, वैष्णवी जैन, त्रयम्बेकेष्वर सलाम, पंकज जैन इत्यादि युवाओं ने भी अपने विचार रखे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी मौजूद थे।

### डिजिटल तकनीक के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में की गई विशेष पहल

**राजनांदगांव।** जिले के सरकारी स्कूलों में कलेक्टर डोमन सिंह के अथक प्रयास मार्गदर्शन एवं नवाचारी सोच के परिणामस्वरूप लोगों से जनभागीदारी के तौर पर अपने शासकीय स्कूलों में स्मार्ट टीवी देने की अपील की गई। उसका परिणाम यह रहा कि जिले के सभी शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में स्मार्ट टीवी जनसहयोग से ले लिया गया। इसी कड़ी में जिले की इस उपलब्धि के आधार पर भारत शासन के संपर्क फाउंडेशन ने जिले को 20 लाख का डिवाइस प्रदान किया गया। जिससे शासकीय स्कूलों में प्राथमिक शालाओं में स्मार्ट टीवी के माध्यम से अध्यापन व्यवस्था को बेहतर तकनीक उपलब्ध हो सके। उल्लेखनीय है कि इस नवाचार की प्रशंसा प्रदेश से लेकर भारत शासन तक की गई है। यह अपनी तरह की एक बेहतरीन नवाचारी सोच थी। जिससे सभी शालाओं में जनसहयोग से ही प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं को स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराई जा सकी है। इसकी उपलब्धियों पर जिले को बहुत सराहा गया है और अलग-अलग अवार्ड के लिए भी इसको नामांकित किया गया है। वर्तमान में 100 प्राथमिक स्कूलों में जो 20 लाख मूल्य की डिवाइस संपर्क फाउंडेशन द्वारा प्रदाय की है। आगे भी जिला प्रशासन द्वारा यह प्रयास है कि और भी स्कूलों के लिए यह संपर्क डिवाइस प्राप्त की जा सके। जिससे अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। प्राथमिक शालाओं के छत्तीसगढ़ बोर्ड के पूरे विषयों पर बहुत बेहतर तरीके से संपर्क फाउंडेशन ने डिवाइस तैयार की है ।

भाजपा के घोषणा पत्र सुझाव पेटी में जनता के सुझाव कम सवाल ज्यादा मिलेंगे

# 15 साल जनता को धोखा देने वाली भाजपा किस नैतिकता से घोषणा पत्र बनायेगी - कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। भारतीय जनता पार्टी को घोषणा पत्र के बजाये प्रायश्चित पत्र बनाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 15 साल जनता को धोखा देने वाली भाजपा किस नैतिकता से घोषणा पत्र बनायेगी। भाजपा को इस बात का प्रायश्चित करना चाहिये जनता ने उन्हें तीन बार घोषणा पत्र बनाने का मौका दिया था उस घोषणा पत्र के वायदो को पूरा करने के लिये तीन बार सरकार चलाने का अवसर दिया था लेकिन भाजपा वायदा करके वो मुकर गयी।**



2003 के घोषणा पत्र में वायदा किया था कि हर आदिवासी परिवार को गाय देने का, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने का, युवाओं को 500 रू. बरोजगारी भत्ता देने का, 2008 में वायदा किया किसानों को धान का 300 रू. बोनस देने का, 2013 में वायदा किया था धान की कीमत 2100 रू. देंगे और 300 रू. बोनस कुल 2400 रू. प्रति क्विंटल धान खरीदी करने का कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। एक बार फिर से जनता को ठगने के लिये घोषणा पत्र बनाने जनता के बीच जाने की बात कर रहे है। अब जनता उनके घोषणा पत्र में क्यों भरोसा करेगी? हमने अपने घोषणा पत्र के वायदों को पूरा किया हमारे 36 में से 34 वायदें पूरा हुये। सरकार बनने के पहले घंटे से लेकर आज दिनांक तक मुख्यमंत्री अपने वायदा को पूरा कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते 15 साल वादाखिलाफी करने वाले भाजपाई किस नैतिकता से नये वादो की बात कर रहे है? मन की बात करना और मनमानी थोपना ये भाजपा का राजनैतिक चरित्र है। सत्ता की छटपटाहट में जनता से सुझाव की बात करना भाजपा का नया जुमला है। नये-नये वादो और झूठे दावों से ठगने वाले भाजपाईयों को बताना चाहिये कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के समय किये गये वादो का क्या हुआ।

100 दिन में मंहगाई कम करने का वादा था किये उल्टा, दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर भी भारी भरकम टैक्स लगाकर मंहगाई 4 गुना कर दिये। 2 करोड़ रोजगार हर साल देने का वादा था नई भर्ती तो दूर 30 करोड़ युवाओं की लगी लगाई नौकरी खा गये। केन्द्रीय विभागो में 11 लाख से अधिक पद रिक्त है, सरकारी उपक्रमों में 4 लाख से अधिक पद रिक्त है, लेकिन मोदी सरकार सरकारी उपक्रमों को बेचकर युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अवसर को बेच रही है। नये वादों से पहले भाजपाई बतायें कि छत्तीसगढ़ में 2003, 2008 और 2013 के साथ ही केन्द्र में 2014 और 2019 के चुनावी घोषणा पत्र में भाजपा के द्वारा किये गये वादो का क्या हुआ?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र सुझाव पेटी में प्रदेश की जनता रमन सरकार के दौरान हुए वादाखिलाफी धोखा के बारे में लिखकर भाजपा की पोल खोलेंगी तथा भाजपा नेताओं को आईना दिखायेंगी बीते 9 साल में मोदी सरकार ने जो वादाखिलाफी किया है उससे देश का हर घर हर वर्ग पीड़ित है जनता का आक्रोश भाजपा के सुझाव पेटी में दिखेगा। भाजपा का सुझाव पेटी नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की सुझाव से भरी रहेगी। भाजपा का घोषणा पत्र सुझाव पेटी भाजपा की वादाखिलाफ ी के चरित्र बेईमानी धोखा से पीड़ित जनता के आक्रोश पत्र से भरा रहेगा। देश की जनता भाजपा की कथनी और करनी को जानती और पहचानती है 15 साल तक प्रदेश के किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी सभी वर्गों के साथ भाजपा ने धोखा किया था।

## श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में कम दर पर मिल रहे दवाइयों के प्रति लोंगों का बढ़ा आकर्षण




श्रीकंचपनथ न्यूज

**जगदलपुर। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में कम दर में मिल रहे दवाइयों के प्रति लोंगों का आकर्षण बढ़ा है। जिले में तीन दुकानें संचालित की जा रही है,जिसमें 2 दुकान जिला मुख्यालय जगदलपुर में और एक बस्तर नगर पंचायत में संचालित की जा रही है। इन दुकानों में एक सप्ताह में 98705 रुपये की दवाईयों का विक्रय किया गया है। विजय दयाराम के. द्वारा धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की साप्ताहिक समीक्षा करने के उपरांत इन दुकानों से दवाइयों का विक्रय लगातार बढ़ा है।**

उनके निर्देशानुसार शासकीय अस्पताल व संस्थाओं द्वारा 28 लाख रुपये से अधिक राशि की दवाइयां व स्वास्थ्य सुविधाओं में उपयोग की जाने वाली सामानों एवं उपकरणों का ऑर्डर लिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल यूनिटों के लिए एक करोड़ आठ लाख रुपये से अधिक राशि की दवाई की खरीदी की गई है। अक्टूबर 2021 से प्रारंभ इस योजना से बस्तर जिले में अब तक 19 लाख 75 हजार रुपये की दवाओं का विक्रय किया गया है। जबकि विक्रय किया गया इन दवाइयों का एमआरपी दर 54 लाख 70 हजार रुपये है। इससे 14419 उपभोक्ताओं को 34 लाख 95 हजार रुपए की बचत हुई है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कम लागत वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करने और राज्य के कमजोर लोगों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना नाम से योजना शुरू की है। इस योजना का क्रियान्वयन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सभी नगरीय निकायों में संचालित इस योजना के अंतर्गत ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवाइयां 65 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती है।

# स्टेट सीनियर बैडमिंटन में रायपुर रहा सिरमौर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**सूरजपुर।** योनेक्स सनराईज 22 वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का मुकाबला भारी कशमकश के बीच संपन्न होने के साथ यश योगी बिलासपुर, आयुष मखीजा, सुजय तंबोली रायपुर, तनु चंद्रा यूनियन क्लब रायपुर, हर्षिता अग्रवाल यूनियन क्लब रायपुर ने स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के अलग-अलग वर्गों जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई से जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर के आतिथ्य में स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप आहूत थी।

02 अगस्त को स्पर्धा के अंतिम दिन फाईनल के मुकाबले में बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारी कशमकश के साथ खिताब अपने नाम किया। विदित हो कि इस चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से लगभग 200 से ऊपर वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और आपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। 29 जुलाई को प्रारंभ हुए चैंपियनशिप में 02 दिनों तक ट्रायल व क्वालीफाइंग मैच संपन्न हुए। इसके उपरांत मेन ड्रा के मैचों में चैंपियनशिप के समस्त में संपन्न हुए। जिसमें क्वार्टर फाईनल और सेमीफाईनल के बाद फाइनल में पहुंचे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ स्टेट की टीम में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया।

इस दौरान सूरजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलेसिला, एसडीएम रवि सिंह व सेंट्रल ऑफ बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों व डीलर की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।संपन्न हुए टूर्नामेंट में बिलासपुर के यश योगी ने एकल के मुकाबले में विजेता तथा रायपुर के जयादित्य प्रताप सिंह ने उपविजेता रह। वही युगल में रायपुर के आयुष माखजा व सुजय तंबोली विजेता तथा दुर्ग के एमवी अभिषेक व सरगुजा के परमजीत सिंह छाबड़ा उपविजेता रहे। महिला वर्ग के एकल मुकाबले में यूनियन क्लब रायपुर की तनु चंद्रा विजेता व यूनियन क्लब की हिरल चौहान उपविजेता रही। मिश्रित युगल में आयुष माखीजा व हर्षिता अग्रवाल विजेता तथा एमवी अभिषेक व रामा दत्ता उपविजेता रही।

# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने बेमेतरा न्यायालय परिसर का किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा हाईकोर्ट के मामलों की सुनवाई पश्चात् औचक निरीक्षण हेतु बेमेतरा पहुंचे। उनके द्वारा न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया गया। न्यायालय परिसर में वाहनों की पार्किंग, स्वच्छता, वाशरूम, अधिवक्ताओं व पक्षकारों की बैठक व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया एवं व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये।**



निरीक्षण के दौरान न्यायालय का भवन पुराना होने के कारण लायब्रेरी, रिकार्ड रूम अन्य कुछ स्थानों पर सीलन पायी गयी। अधिवक्ता कक्ष में भी पानी का रिसाव होना पाया गया जिस पर उनके द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी। निरीक्षण के समय बेमेतरा जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता एस.डी.एम. कु. सुरूचि सिंह व लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे जिन्हें आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए वहां लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा 05 से 10 वर्ष के पुराने प्रकरण 156 (3) सी.आर.पी.सी के प्रकरण, धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम (छमहवजपंइसम प्देजतनउमदजे ।बज) के प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित गति से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से भी चर्चा की व उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु निर्देश दिये। औचक निरीक्षण में उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल श्री अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस श्री एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम भी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आये हुये मात्र 03 माह ही व्यतीत हुये हैं, उक्त तीन माह के कार्यकाल में ही उन्होंने अनेक जिला न्यायालयों व केन्द्रीय जेल, बिलासपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं, जिससे आधारभूत संरचना तथा कार्यदशा में आमूल-चूल परिवर्तन दिखाई देना शुरू हो गया है।


## NOTICE

**( U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932 )**

Notice is hereby given that partnership firm carrying on business under the name and style of "SANKAT MOCHAN WIRE INDUSTRIES" vide Partnership Deed dated 06/07/2023 bearing Regn. No. 22221741304 date of registration 10/08/2017.Following changes took place in the firm w.e.f. 03/07/2023Name of the Incoming Partner and date of her admission:1. SMT. BINDIYA AGRAWAL W/O SHRI DILIP AGRAWAL (03/07/2023) Further take notice that the business will thenceforth be carried on by the remaining/continuing partners under the old name and style (i.e. SANKAT MOCHAN WIRE INDUSTRIES), after that date.For SANKAT MOCHAN WIRE INDUSTRIES

Sandeep
PARTNER.


# पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने स्तनपान सप्ताह समारोह का आयोजन किया

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई। पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, भिलाई (भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा प्रबंधित) ने विश्व स्तनपान समारोह के एक भाग के रूप में प्रोफेसर डॉ. अभिलेखा बिस्वाल प्राचार्यापी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, भिलाई के मार्गदर्शन में 3 अगस्त 2023 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।**



कार्यक्रम की शुरुवात प्रोफेसर डॉ. (श्रीमती) श्रीलता पिल्लई, उप-प्राचार्यापी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंगभिलाई के स्वागत भाषण से हुयी 7 मुख्य अतिथि डॉ. सुबोध साहा (अतिरिक्त सीएमओ और नियोनेटोलॉजी प्रमुख) जेएलएनएच और आरसी अस्पताल सेक्टरभिलाई ने सभा को संबोधित किया और प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान कराने और 6 महीने तक सिर्फस्तनपान ही कराने पर जोर दिया और स्तनपान को बढ़ावा देने में नवजात और प्रसूति वार्ड में नर्सों की भूमिका की अत्यधिक सराहना की। डॉ. माला चौधरी (सलाहकार, नियोनेटोलॉजी विभाग) जेएलएनएच एंड आरसी अस्पतालसेक्टर भिलाई सम्मानित अतिथि ने बेबी फ्रेंडली अस्पताल पहल विषय पर अपना विचार-विमर्श किया और प्रसव के तुरंत बाद मां और बच्चेके बीच त्वचा से त्वचा के संपर्क और प्रसव के आधे घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने जेएलएचएन और आरसी भिलाई के बीएफएचआई प्रमाणन की सफलता की कहानी भी सुनाई।

डॉ. सुबोध साहा, डॉ. माला चौधरी और डॉ. डेजी अब्राहम ने 'स्तनपान को सक्षम करना' विषय पर लगाए गए पोस्टरों काअवलोकन किया, जिसमें शाइना थॉमस ने पहला, मोनिका पड्डा ने दूसरा और अनीशु आर अनिल और पुनीता उसेंडी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। बाल स्वास्थ्य विभाग के संकायों द्वारा स्तनपान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। डॉ डेज़ी अब्राहम ने एनाटॉमी और फिजियोलॉजी ऑफ ब्रेस्ट फीडिंग पर क्लास ली। शिशु, मां और समाज को स्तनपान के लाभ पर श्रीमती नेहा सिंह ने लिए , डॉ अनु एस थॉमस ने स्तनपान की चुनौतियों से सम्बंधित विचारों को प्रस्तुत किया। श्रीमती भगवती साहू, श्रीमती केसरलता साहू और श्रीमती रेशमा पटेल ने बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा को स्तनपान की समस्याओं पर स्किट के लिए मार्गदर्शन किया। बीएससी नर्सिंगछात्राओं कोसिमुलेशन से परिचित करने हेतु एमएससी नर्सिंग छात्राओंद्वारा स्तनपान से सम्बंधित टिप्पणियों पर एक परिदृश्य बनाया गया । एक नई ऑनलाइन तकनीक मेनटिमीटर का उपयोगक्विज के लिए किया गया था।

### बिलाईगढ़ के रैली में गूंजा 'जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है'

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय से स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिलाईगढ़ तक में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिलाईगढ़ के मुख्य मार्ग से होकर तहसील चौक, टिकरापारा, बस स्टैंड से होते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय पहुंची। एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली के दौरान मतदाताओं के जागरूकता के लिए नारा का सामूहिक रूप से ऊर्जावान उद्घोष किया, जिनमें 'मतदाता सूची म नाम लिखाबो, वोट देहे के अधिकार पाबो', 'लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता', 'जन-जन का नारा है मतदान अधिकार हमारा है' लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी' का नारा शामिल है।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# पेट्रोल चोरी का बड़ा खेल, एक ही शख्स को लगाया डेढ़ लाख का चूना, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिल के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में पेट्रोल व डीजल चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। एक ही शख्स को पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने लगभग डेढ़ लाख रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों द्वारा गाड़ियों मे कम मात्रा में तेल भरा जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर गाड़ी मालिक ने पंप संचालक से भी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद गाड़ी मालिक ने कोर्ट में अपील की। कोर्ट के निर्देश पर पद्मनाभपुर पुलिस ने पेट्रोल पंप के दो कर्मचारियों के खिलाफधारा 406, 420, 467, 468, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया।**



मिली जानकारी के अनुसार रविशंकर मण्डले किराए पर गाड़ी देने का काम करता है। उसकी तीन गाड़ियों में रोजना तय मात्रा में 1010-1010 रुपए का पेट्रोल भरा जाता था। रविशंकर मांडले ने यह पाया पेट्रोल पम्प के स्टाफ युवराज मण्डले व अजय महेरा द्वारा कम पेट्रोल डालना पाया गया। तीनों गाड़ियों में डाले गए पेट्रोल का बिल 5,32,782.99 बताया गया। रविशंकर मण्डले ने 383,000 रुपए का भुगतान किया और शेष रकम 1,49,782.39 पेट्रोल भरने वाले स्टाफ से लेने के लिए कहा।

रविशंकर का कहना था कि स्टाफ उनकी गाड़ियों में पेट्रोल कम भरकर धोखाधड़ी करते हैं। यही नहीं बिल मांगने पर दूसरी गाड़ियों का फर्जी बिल थमा देते। इसके अलावा पंप का सीसी टीवी फुटेज जांचने पर भी पता चला कि कर्मचारियों द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। यही नहीं इस काम में रविशंकर के गाड़ियों के ड्रायवरों की भी मिली भगत सामने आई। बताया जा रहा है दोनों मिलकर कई माह से इस तरह से पेट्रोल चोरी कर रहे थे।

इतना करने के बाद भी जब पेट्रोल पंप कर्मियों ने नुकसान की भरपाई की मांग की तो उन्होंने उल्टे धमकाया। इस मामले में जब थाने पहुंचे तो आपसी लेनदेन का मामला बताकर अपराध दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद रविशंकर ने कोर्ट में अपील दायर की। प्रकरण को सुनने व सभी पक्ष जानने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता गुप्ता ने परिवादी रवि शंकर माण्डले की शिकायत पर पंप के कर्मचारी युवराज मारकण्डे व अजय मेहरा के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद पद्मनाभपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 406, 420, 467, 468, 34 अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

## खास-खबर

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड

**बेमेतरा (ए)।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) में आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। मामला बेरला थाना अंतर्गत क्षेत्र का है। 17 फरवरी को पीड़िता थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी छोटी बहने के साथ नानी के घर रहती है। उसके मामा मामी पूणे में रहते हैं। इस बीच वह भी गांव के ही एक व्यक्ति के घर काम करने जाती थी। इस बीच आरोपी जनक पिता बिसेराम ठाकुर (23) निवासी ग्राम लेंजवारा भी जाता था। इस बीच आरोपी उससे जबरदस्ती बातचीत करने लगा।

शादी करने का भी झांसा दिया। दिसंबर 2022 में पीड़िता के घर रात में पहुंचकर दुष्कर्म किया। तब डर के कारण किसी को घटना की जानकरी नहीं दी। जिसके बाद 16 मार्च की सुबह भी आरोपी ने पीड़िता को डरा धमका कर दुष्कर्म किया। जिसकी जानकारी उसने अपनी नानी को दी। घटना के बाद मामले की रिपोर्ट बेरला थाने में की। जिस पर पुलिस ने आरोपी जनक ठाकुर के खिलाफ धारा 376, 376 (2) (द), 506 भारतीय दण्ड संहिता व धारा 06 पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्व कर विवेचना की गई।

### बिना लाइसेंस के खाद की बिक्री, कृषि विभाग के अफसरों ने सील किया दुकान

**बेमेतरा (ए)।** जिले में खरीफ सीजन शुरू होते ही खाद की काला बाजारी शुरू हो जाती है। ऐसे में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने कहा गया है। इस बीच कृषि विभाग को ग्राम खंडसरा के कृषि केन्द्र द्वारा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के खाद विक्रय करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी।

जिस पर संज्ञान में लेते हुए अनुविभागीय कृषि अधिकारी रिती तिवारी तथा उर्वरक निरीक्षक डॉ श्याम लाल साहू ने बाबा कृषि केंद्र खंडसरा का औचक निरीक्षण किया। बिना अनुमोदित प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के कीटनाशकों का भंडारण किया गया है। कीटनाशक के स्कंध तथा मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था। बिल नहीं दिया जा रहा था। कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 का उल्लंघन किया जा रहा था। अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं निरीक्षक द्वारा खाद, बीज कीटनाशकों को जब्त कर दुकान को सील किया। क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगा नोटिस जारी किया।

### 2 टन नट-बोल्ट, वायसर की चोरी की, 16 हुए गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत टेलीकॉम फैक्ट्री हथखोज से करीब 2 टन वजन के नट-बोल्ट और वायसर की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य नाबालिग पर भी कार्रवाई की गई है। आरोपियों में प्राय: खुर्सीपार के रहने वाले हैं। उनके विरुद्ध धारा 457, 380, 34 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 निवासी ताराचंद पिता कार्तिक राम वर्मा ने शिकायत की थी। उसने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई की रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक वह ड्यूटी पर था।

अन्य सुरक्षा गार्ड के साथ फैक्ट्री के अंदर घूम रहा था। तभी लुकमान कबाड़ी, सागर शर्मा, सुखदेव सिंह, अरबाज सिद्धिकी, इंदर सिंह, बाबू लाल सहित अन्य फैक्ट्री के अंदर से बोरियों में नट-बोल्ट-वायसर लेकर निकल रहे थे। आपत्ति करने पर आरोपियों ने पत्थरबाजी की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। आरोपियों में खुर्सीपार का सागर शर्मा, अरबाज सिद्धकी, ऋषि साहनी, किरण नायक, सन्नी यादव, सुखदेव सिंह, अमन तिवारी, अनिकेत दिवरा, लोकेश अवस्थी, इंदर सिंह, राहुल केसवानी, केम्प क्षेत्र का सूरज गंगाधर, दीपक साहू, जामुल का बॉबी नायकर, बाबूलाल, पदुमनगर का लुकमान अहमद शामिल हैं।

## एक साल बाद सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी डीएनए ने पहुंचाया पुलिस को कातिल तक




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करीब एक साल पहले हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। लंबी जांच के बाद पुलिस को आखिरकार इसमें सफलता मिली है। डीएनए जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मृतका के डॉक्टर पति को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मृतका के नाखूनों में आरोपी के टिशू मिले थे जिसकी डीएनए जांच करवाई गई। डीएनए जांच में टिशूज डॉक्टर के निकले और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी एलेक्जेंडर कीरो व उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया।

बता दें 25 जून 2022 को थाना गुढ़ियारी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जनता कालोनी गुढ़ियारी स्थित मकान नंबर जे 709 में एक महिला की मौत हो गई। मृतका देवशाह (29) की हत्या की हत्या कर दी गई थी। गुढ़ियारी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतका की मृत्यु दम घुटने से होना बताया गया। जिस पर अज्ञात आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस को पहला शक उसके पति लक्ष्मी सागर पर था। पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करता रहा। सुबूत नहीं होने के कारण पुलिस मृतका के पति को गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी।

इधर जब मृतका का पोस्टमार्टम किया गया तब उसके नाखून से संदेही के टिशू मिले जिसे डॉक्टरों ने सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद टिशू को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया। लंबे इंतजार के बाद डीएनए रिपोर्ट सामने आई तो पुलिस का शक सही निकला। डीएनए मृतका के पति लक्ष्मी सागर का ही निकला। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अब तक यह बाद सामने आई है कि घटना वाले दिन आरोपी का अपनी पत्नी से विवाद हुआ और इसके बाद उसने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी डॉक्टर की यह तीसरी शादी है।

## केस वापस नहीं लिया तो सीने में मारा चाकू, चंद घंटों में गिरफ्तार हुआ बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मी नगर सुपेला में दुकान से घर जा रहे युवक के सीने में चाकू मारकर बदमाश फरार हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया और चंद घंटों में ही आरोपी युवक व उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना बुधवार रात 10 बजे के आसपास की है। सुपेला पुलिस के अनुसार लक्ष्मी नगर सुपेला नवासी राकेश राजपूत उर्फ दुआं दुकान से अपने घर आ रहा था। इस बीच संजय नगर सुपेला का रहने वाला दिलीप चैहान उर्फ टकला अपने साथी के साथ पहुंचा और राकेश से पुराना एक केस वापस लेने के लिए दबाव बनाना शुरू किया। राकेश ने मना किया तो उसने अपने पास रखा चाकू निकाला और राकेश के सीने में घोंपकर फरार हो गया। इस दौरान उसकी सोने की चेन लूटकर दोनों भाग गए।

जब यह सबकुछ हो रहा था तो सुपेला पुलिस को को इसकी सूचना मिल गई थी। पीड़ित की शिकायत के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी दिलीप चौहान व उसके नाबालिग साथी को पकड़ लिया। आरोपी दिलीप चैहान उर्फ टकला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी के खिलाफ 341, 294, 506, 394, 307, 34, 195 क भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, एसआई लखेश गंगेश, एएसआई रजनीकांत दीवान, प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, अभय शुक्ला, आरक्षक रवि कुमार, सुरेन्द्र पटेल, सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

## आपसी रंजिश में 2 लोगों ने मिलकर एक युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आपसी रंजिश के चलते 2 लोगों ने मिलकर एक युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला। बताया जा रहा है कि, दोनों ने प्लानिंग के तहत पहले युवक को उसके घर से बाहर बुलाया। फिर उसपर कुल्हाड़ी से वारकर मार दिया। वारदात के 4 दिन बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है। मामला जिले के ओरछा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, 30 जुलाई को रायनार के रहने वाले युवक भोलाराम मंडावी की हत्या हुई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस को जांच में पता चला था कि, उसी इलाके के रहने वाले कोसा राम (32) और लखमू राम (36) का भोला के साथ किसी मामले को लेकर विवाद हुआ था। दोनों ने भोला को जान से मारने की धमकी भी दी थी। जांच में दोनों का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने इन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात कबूल ली। इन्होंने पुलिस को बताया कि, भोला को घर से बाहर बुलाया गया। फिर कुछ देर तक उसके साथ बहस हुई। जिसके बाद उसपर कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के ASP हेमसागर सिदार ने बताया कि, दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया।

### छत्तीसगढ़ में दंतैल हाथी का कहर

## मकानों को तोड़ा और अधेड़ महिला की कुचलकर ले ली जान, वन विभाग ने किया अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दंतैल हाथी के कहर से ग्रामीणों में दहशत है। बुधवार देर रात को दंतैल हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। यहां कई मकानों को तोड़ने के साथ ही दंतैल हार्थी ने एक अधड़ महिला को कुचलकर मार डाला। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के देवरी गांव की है। बुधवार की रात लगभग 11 बजे गांव में एक दंतैल हाथी पहुंच गया। दंतैल हाथी मकानों को तोड़ने लगा। इस दौरान गांव में अफरा तफरी मच गई। जान बचाने के लिए लोग घर छोड़ कर भागने लगे। इस बीच सुमति बाई (50) अपनी जान बचाने के लिए मकान से बाहर निकल गई। इससे पहले की वह भाग पाती दतैंल हाथी ने उसे पकड़ लिया और जमीन पर पटक कर व कुचलकर उसकी जान ले ली। इस दौरान हाथी ने तीन मकानों को नुकसान पहुंचाया।

## साप्ताहिक बाजार का शेड गिरने से मासूम की मौत, आस्थाई रूप से रह रहा था पूरा परिवार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**पेंड्रा।** नगर में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। साप्ताहिक बाजार शेड का छज्जा गिरने से 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। शेड के नीचे परिवार आस्थाई रूप से रह रहा था। हादसे के बाद परिजनों अफसरों पर बड़ा आरोप लगाया है। 6 माह पहले प्रधानमंत्री आवास की एक किस्त मिली थी। उसके बाद आज तक कोई किस्त नहीं मिली है। जिसकी वजह से आवास अधूरा होने के चलते वे बाजार शेड के नीचे रह रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बाजार मोहल्ले में साप्ताहिक बाजार शेड के नीचे मनोज चौधरी अस्थाई आवास बनाकर परिवार के साथ रह रहा था। 6 साल के एकलौते बेटे श्लोक चौधरी शेड का छज्जा गिरने से उसकी चपेट में आ गया। गंभीर हालत में बच्चे को पेण्ड्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुचे और यहां डॉक्टर नही मिलने से जिला अस्पताल गए। जिला अस्पताल मे मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर ने बताया कि बच्चे को सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिसके चलते बच्चे की मौत हुई। वहीं परिजनों की मानें तो उनका प्रधानमंत्री आवास पिछले 6 माह पहले बनाए जाने को लेकर एक किस्त की राशि उन्हें मिली। जिससे उन्होंने थोड़ा काम करवाया। उसके बाद से वे लगातार नगर पंचायत पेण्ड्रा के अधिकारियों के चक्कर काटते रहे। उन्हें कोई भी पैसा नहीं मिला। अगर उन्हें पैसा मिल जाता और उनका घर बन गया होता तो आज उनके घर का चिराज नहीं बुझता।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### 5500 पदों के लिए 10 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए नियोजकों द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 10 अगस्त 2023 को लाईवलीहुड कॉलेज सेक्टर 6, भिलाई में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में नियोजक नीड्स मैनपॉवर सपोर्ट सर्विस प्रा. लि. द्वारा लाईन ऑपरेटर के 1000 पद, क्वालिटी चेकिंग ऑपरेटर के 500 पद, इलेक्ट्रिशियन व टेक्निशियन के 2000 पद एवं रोबो ऑपरेटर व इलेक्ट्रिशियन के 2000 पदों की पूर्ति की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ लाईलीहुड कॉलेज भिलाई में 10 अगस्त को समय प्रातः 10.30 बजे से उपस्थित हो सकते है।

### जिले में अब तक 472.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 जून से 3 अगस्त तक 472.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 673.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 222.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 454.8 मिमी, तहसील धमधा में 486.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 492.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 505.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 3 अगस्त को तहसील दुर्ग में 32.2 मिमी, तहसील धमधा में 63.1 मिमी, तहसील पाटन में 55.0 मिमी, तहसील बोरी में 15.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 42.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 60.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### ब्राईट शिक्षण एवं मानव कल्याण समिति ने वृद्धों और बच्चों का नेत्र परीक्षण आयोजित किया

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिले में संचालित ब्राईट शिक्षण एवं मानव कल्याण समिति को मुक बाधिर बच्चों व वृद्धों की जांच करने कहा। संस्था के संचालक राजू राजपूत ने बताया कि कादंबरी नगर के 20 वृद्ध के महिलाओं एंव 75 बच्चों का नेत्र जांच डॉ. आर.भट्टाचार्य द्वारा किया गया। कलेक्टर ने संचालक राजू राजपूत को इस कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य में ऐसे बच्चों व वृद्धों का इलाज समय पर किया जाए।

### मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक नगर कोहका, वार्ड क्र. 08 भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी स्व. बिन्देश्वरी प्रसाद चौबे की विगत 07 जून 2021 को तालाब में फिसल कर गिरने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व. श्रीमती भोज बाई साहू उर्फ कमलेश्वरी बाई साहू की विगत 19 जून 2022 को सर्प काटने पर परिजनों द्वारा ईलाज हेतु शास. अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया, जहॉ ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

### छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा युवा पीढ़ी को जागरूक करने का अभियान जारी

# युवा बड़े व्यापारी बनकर लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करें : भसीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई द्वारा युवा पीढ़ी को जागरूक करने का अभियान लगातार भिलाई के सभी कालेजो में चल रहा है।आज इस कार्यक्रम का समापन रुंगटा कालेज आर 2 में किया गया। जिन्दगी न मिलेगी दोबारा चेम्बर का अभियान सभी कालेजो में बेहद सराहा गया। युवा पीढ़ी के लिए सबसे गंभीर समस्या साइबर क्राइम इस विषय युवा पीढ़ी को जागरूक करते हुए बताया कि किसी को ओटी पी शेयर न करे।




ऐसा कोई ऐप डॉनलोड न करे जिसके बारे में आप नही जानते।यह भी बताया गया कि यदि किसी के साथ घटना होती है तो 1930 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करे। चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने इस अभियान में मुख्यरूप से यह बात कही युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ़ होती है। देश को नए शिखर पर ले जाने का दायित्व युवा पीढ़ी का ही है। युवाओं के लिए ये स्वर्णिम काल है आज देश एक नवनिर्माण की ओर बढ़ रहा है।

अजय भसीन ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि आप युवा नौकरी देने वाले बने , आप उद्योग लगाए और एक बड़े व्यापारी बनकर अनेक युवाओ को रोजगार के अवसर प्रदान करे। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स इस कार्य मे आपको पूर्ण सहयोग व जानकारी देने के लिए तत्पर है। अभियान में अच्छा स्वास्थ्य व भोजन में पोषक तत्वों का महत्व अंतरराष्ट्रीय वेलनेस कोच असीम सहगल ने बताया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने युवा पीढ़ी को संदेश दिया कि पूरी ऊर्जा के साथ भारत को विकसित देश बनाने में योगदान दे। भारत एक आत्म निर्भर देश आप युवा नेतृत्व से ही बन सकता है। कार्यक्रम में शहर के ट्रैफिक डी एस पी सतीश ठाकुर ने युवा छात्रों को नशे में वाहन न चलाने,बिना लाइसेंस वाहन न चलाने व स्टंट करते हुए वाहन न चलाने का संदेश दिया।

ऐसा करना परिवार से बिछोडे का कारण बन सकता है। सफल कार्यक्रम के लिए कालेज के चेयरमैन संजय रुंगटा जी ने अजय भसीन के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान की प्रशंसा की। इस अभियान में महेश बंसल, पवन बड़जात्या,अशोक राठी, मेहंदी भाई, कुलदीप लालवानी,सरोजनी पाणिग्रही, प्रकाश चंद सांखला,गुलशन,सुमन कनोजे,बोधन साहू,विजय शर्मा व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

# इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप में आपदा प्रबंधन अभ्यास के तहत हुआ मॉक ड्रिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी के इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप में अचानक सुबह लगभग 9.55 बजे 'जी' शिफ्ट में छोटे असेंबली सेक्शन (डीसी) से एक चार्ज मैन ईआरएस के परीक्षण अनुभाग में परीक्षण के दौरान डीसी मोटर में सुधार कार्य में शामिल था। सुबह 10.05 बजे अचानक मोटर के ब्रश होल्डर से उसकी उंगली छू जाने से वह करंट की चपेट में आ गया।




मोटर लीड में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। पीड़ित बचाव के लिए चिल्लाया और परीक्षण अनुभाग के तकनीशियन ने तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद कर दी और परीक्षण अनुभाग के प्रभारी को सूचित किया। परीक्षण अनुभाग के प्रभारी व्यक्ति ने घटना के बारे में ईआरएस के शिफ्ट मैनेजर को सूचित किया, जो तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखकर विभागाध्यक्ष को सूचित किया। इसके बाद विभागाध्यक्ष, ईआरएस ने आपातकाल की घोषणा की और अलार्म बजाया।

इस दौरान सहायक प्रबंधक श्री संदीप वर्मा ईआरएस ने फायर ब्रिगेड, एमएमपी-1, सीआईएसएफ सुरक्षा नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। महाप्रबंधक पी के पाढ़ी, उप महाप्रबंधक के.बघेल, डीएसओ रेमी थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक एम.एल. जंघर, सहायक प्रबंधक वाई काशेरवानी, सहायक प्रबंधक श्रीमती नीलम वर्मा और जेओ श्रीमती बिंदु कुरुप के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्ति को फायर ब्रिगेड और एमएमपी कर्मियों की मदद से एमएमपी-1 में स्थानांतरित किया गया। इन सभी ने मिलकर संकट की स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। सभी संबंधित एजेंसियां जैसे फायर ब्रिगेड, एमएमपी1, सिविल डिफेंस, सीआईएसएफ और सुरक्षा नियंत्रण मौके पर पहुंचीं और ईआरएस कर्मियों को असेंबली प्वाइंट पर जाने का निर्देश दिया। कर्मचारियों की गिनती और फायर ब्रिगेड से मंजूरी के बाद, महाप्रबंधक (ईआरएस) ने आपात स्थिति वापस ले ली और सामान्य स्थिति बहाल की गई।

ज्ञात हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र का इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप सभी प्रकार की इलेक्ट्रिकल मशीनों, लोड लिफ्टिंग इलेक्ट्रो मैग्नेट की मरम्मत के लिए एक केंद्रीकृत एजेंसी है। इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप में आपदा प्रबंधन (विद्युत और आग) के लिए यह मॉक ड्रिल 28 जुलाई 2023 को आयोजित की गई थी। विभिन्न एजेंसियों के प्रदर्शन और सभी सुझावों की जांच करने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। आपात स्थिति में हुई त्रुटि के सुधार के लिए उस पर विचार किया गया और सुधार कार्य को कार्यान्वित किया गया। संकट की स्थिति में शामिल इन विभिन्न एजेंसियों और ईआरएस के कर्मचारियों की तैयारियों की जांच करने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। इस मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ, अग्नि शामक दल, एसईडी, एम एम पी-1, नागरिक सुरक्षा और ईआरएस एजेंसियों ने भाग लिया था। मॉक ड्रिल के समापन के बाद श्री पी के पाढ़ी द्वारा एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस मॉक ड्रिल पर, आपात स्थिति के अवलोकन और नियंत्रण पर चर्चा की गई।

## प्रत्येक ग्राम पंचायत में वसुधा वंदन कार्यक्रम में रोपे जाएंगे कम से कम 75 पौधे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' वसुधा वंदन कार्यक्रम तहत वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 स्वदेशी पौधे लगाए जाएंगे।

इस गतिविधि का आयोजन 9 अगस्त से 15 अगस्त तक संचालित होगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में वीरों को याद करते हुए शिलापलकम लगाया जाएगा और पंचप्राण शपथ ली जाएगी। आयोजित कार्यक्रम के साथ सेल्फी अपलोड की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के बाद राष्ट्रगान का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान को लेकर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन ने सभी जनपद पंचायत को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां करने को लेकर निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान ''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान के तहत मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन इसकी टैगलाइन है। वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जनभागीदारी से प्रत्येक गांव में कम से कम 75 पौधारोपण किया जाना है। अमृत सरोवर पर जिस प्रकार पौधरोपण किया जा रहा है और इनकी देखरेख एवं रखरखाव संबंधित ग्राम एवं ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा ही की जा रही है। इसी तरह इस अभियान के तहत स्वदेशी पौधे वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के महात्मा गांधी नरेगा द्वारा तैयार नर्सरी के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

## महापौर परिषद से विभिन्न विकास कार्यो के लिए मिली स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम के शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में 1984 में जारी पटटा का नवीनीकरण तथा अन्य क्षेत्र की भूमि पर काबिज झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो को राजीव गांधी आश्रय योजना के लंबित पटटा प्रदान किये जाने हेतु सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने का तथा सी.सी.रोड एवं मंच निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में खुर्सीपार क्षेत्र के शिवाजी नगर एवं निगम क्षेत्र की अन्य भूमि पर काबिज रहकर झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो को राजीव गांधी आश्रय योजना के लंबित पटटा प्रदान करने तथा 1984 में जारी पटटा का नवीनीकरण के प्रकरणों को तैयार कर सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी प्रकार कोहका एवं कुरूद क्षेत्र के



मछली पालन हेतु दिये गये तालाबों को निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वार्ड 65 सेक्टर 10 सड़क 18 में अधोसंरचना मद से मंच निर्माण, वार्ड 70 हुड़को के पिछे वाले रोड को 14वें वित्त आयोग की स्वीकृत राशि से सी.सी. रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, श्रीमती मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मीरा बंजारे उपस्थित थे।

## पौधारोपण अभियानः 58 दिनों में पांच हजार तीन सौ से ज्यादा पौधे लगाए गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम हरियर शहर के लिए शहर की सुंदरता को बढ़ाने शहर में लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। शहर के सार्वजनिक स्थानों में छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। शहर में अब तक पांच हज़ार तीन सौ पचास वृक्षों का रोपण किया जा चुका है।पांच जून से अभियान की शुरुआत की गई है।पुलगांव स्थित गौठान में हरियर शहर योजना के तहत सबसे पहले पौधे रोपे गए।

विधायक,अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सभापति राजेश यादव, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा,एमआईसी सदस्य और पार्षदो



एवं अधिकारियों ने सैंकड़ों की संख्या में पौधा रोपण किया था।गौरवपथ,स्टेशन रोड ग्रीन चौक,श्री शिवम तक के डिवाइडरों में जेल तिराहा से लेकर महाराजा चौक,नेहरू नगर से लेकर मिनी माता चौक तक के डिवाइडरों में और सड़क किनारे एवं जीई रोड,स्टेशन रोड सर्किट हाऊस के पीछे,शिवनाथ नदी महमरा मुक्तिधाम मार्ग के दोनों ओर बादाम,कदम,नीम कोनोकपास, कनेर फॉस्टल पाम, चंपा, गुलमोहर,अमलताश,नीलमोहर,स्पाइडर लिली आदि तथा सड़क के बीच जीई डिवाइडर में पौधे लगाए गए हैं और सड़क के दोनों ओर पौधारोपण किया जा रहा।

एमएलडी फिल्टर प्लांट से साइंस कालेज और शहर के मुख्य मार्ग से जुड़े अन्य मार्ग, शासकीय कार्यालय भवन,आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल,तालाबो के चारों तरफ़ शासकीय व अर्धशासकीय स्कूलों जैसे आत्मानंद स्कूल दीपक नगर,शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय सिविल लाइन, शहर के उद्यानो, रिक्त शासकीय भूमि के अलावा वार्डो में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा हैं इसके अलावाओर भी जगह वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर के नागरिकों एवम समाजसेवी संस्थानों से अपील की है, कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु सघन वृक्षारोपण अभियान हरियर दुर्ग शहर में भाग लें।उद्यान प्रभारी अनिल सिंह ने जानकारी में बताया कि नगर निगम के द्वारा वार्डो व नागरिको को निःशुल्क पौधे वितरण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान मार्च में शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग पर 117 बड़े पेड़ लगाए गए थे जिसमें लगाए गए सारे पेड़ आज भी जीवित है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से संवर रहे निगम क्षेत्र के स्कूल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब स्कूल संवरने लगे हैं। शहर के शाला भवनो का मरम्मत कार्य के साथ रंग रोगन व दीवारों पर उकेरे जा रहे है कलात्मक ज्ञानवर्धक चित्रकारी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कार्य के अन्तर्गत भवनों में टाइल्स लगाना, दीवारों में पुट्टी के बाद रंग रोगन व कलात्मक और शिक्षण गतिविधियों से जुड़े ड्राइंग बनाए जा रहे है।




स्कूल भवन के खिड़की दरवाजे रिपेयर कराने के साथ ही अध्ययन कक्ष में पर्याप्त रोशनी के लिए लाईट लगाया गया है, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है अब वे दीवार में लिखे गये कलात्मक पेंटिंग के जरिए भी पढ़ाई कर सकेंगे। बच्चे अपने शाला भवन को नये कलेवर मे देख कर खुश हैं।

निगम आयुक्त श्री रोहित व्यास ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अधीन स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे है। आयुक्त श्री व्यास ने भिलाई निगम के मैदानी अमले के साथ संयुक्त बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने तथा निर्माण कार्य मे लगे एजेंसी को समय सीमा में कार्य पूर्णता हो यहा सुनिश्चित करने कहा है। यह पहली बार होगा कि इतनी संख्या में विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, हर कार्य को लेकर संबंधित जोन के जोन आयुक्त प्रतिदिन स्कूल पहुंचकर संधारण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है।

### ऐसे संवर रहा स्कूल भवन

अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में 4 करोड़ 87 लाख की लागत से 51 स्कूलों काल जीर्णोद्वार किया जाना है, इसमें अब तक 25 स्कूलों में कार्य पूर्ण कर स्कूल प्रबंधन को भवन सौपा जा चुका है, 23 स्कूलों में कार्य प्रारंभ है बारिश की वजह से शेष बचे हुए 3 स्कूलों में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। स्कूल भवन में मरम्मत कार्य, शौचालय, सफाई, खिड़की दरवाजे का रिपेयरिंग, सभी कक्षों में पर्याप्त रोशनी के लिए लाईट, शुद्ध पेयजल, दीवारों के रंग रोगन व कलात्मक पेंटिंग करवाते हुए पूरे शाला प्रांगण को सुज्जित किया गया है। इससे स्कूलों में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों में अलग ही उत्साह है।

## बीएसपी और एसएमएस ग्रुप जीएमबीएच के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्टील बनाने की प्रक्रिया को डीकार्बोनाइज करने की प्रतिबद्धता के तहत, स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) की एक इकाई - भिलाई इस्पात संयंत्र और एसएमएस ग्रुप जीएमबीएच (जर्मन कंपनी )के साथ एक विकासशील प्रक्रिया के लिए ग्रीन स्टील बनाने की दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए एमओयू (मैमोरेंडम ऑफअंडरस्टेंडिंग) पर हस्ताक्षर किया गया है।




सेल बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्या तोकदार और एसएमएस ग्रुप की ओर से सीईओ (एसएमएस ग्रुप एपीएसी और एमईए) मार्को असक्रिनी ने 03 अगस्त 2023 को एमटीआई रांची में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर निदेशक प्रभारी (बीएसपी) श्री अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी (आरएसपी और बीएसएल) अतानु भौमिक, निदेशक तकनीकी अरविंद कुमार सिंह, निदेशक प्रभारी (आईएसपी और डीएसपी) बी पी सिंह और सेल के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

सेल-बीएसपी, एसएमएस ग्रुप के साथ अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में इस्पात उत्पादन को डीकार्बोनाइज करने के लिए दीर्घकालिक मजबूत इस्पात निर्माण के कार्यान्वयन के लिए समाधान तलाशेगा। एसएमएस ग्रुप, इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी इंजीनियरिंग और तकनीकी कंपनी है। एसएमएस ग्रुप डिजाइन, इंजीनियरिंग, उपकरण आपूर्ति, इस्पात प्रक्रिया में डीकार्बोनाइजेशन के लिए सुविधाओं के निर्माण और कमीशनिंग के लिए अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और सहायता प्रदान करेगा। इस एमओयू से भारतीय इस्पात उद्योग में नए रास्ते खुलेंगे और इस्पात उद्योग में सहायक कुछ नया देखने को मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950